उज्जैन
शुक्रवार
12
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-40
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



श्री हनुमान
अष्टमी आज

## पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन



**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश पाटिल, बहू अर्चना (जो भाजपा नेता हैं) और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे।

## सड़क मरम्मत के दौरान सैन फ्रांसिस्को में गैस विस्फोट, 6 लोग घायल

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को के अश्वेंड इलाके में गुरुवार सुबह एक भयानक गैस विस्फोट हुआ। इसमें 4 मकान पूरी तरह तबाह हो गए और छह लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा सड़क पर मरम्म्त के दौरान हुआ। सड़क चौड़ी करने और बाइक लेन बनाने वाली लेवलिंग मशीन ने गलती से जमीन के नीचे दबी हाई-प्रेशर गैस पाइपलाइन को तोड़ दिया। पेसेफिक गैस कंपनी को सुबह 7:30 बजे इसकी सूचना मिली, लेकिन गैस कई जगहों से रिस रही थी, इसलिए लाइन पूरी तरह बंद करने में 2 घंटे का समय लग गया। ठीक 9:35 बजे के करीब, यानी गैस बंद होने के सिर्फ दस मिनट बाद जोरदार धमाका हो गया। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि आसपास के घर हिल गए, दीवारों से सामान गिर पड़ा और दूर तक धुआं और मलबा कई फीट तक ऊपर उड़ गया।

## मोदी ने ट्रम्प से फोन पर बात की, दोनों देशों के संबंध बेहतर करने पर चर्चा



**नई दिल्ली/वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की। मोदी ने कहा कि उनकी बातचीत गर्मजोशी भरी और सकारात्मक रही। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने दोनों देशों के संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। बातचीत में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया।

## बुल्गारिया में प्रदर्शन के बाद ढट का इस्तीफा, भ्रष्टाचार और टैक्स बढ़ोतरी से भड़के थे लोग

**नईदिल्ली।** बुल्गारिया में भ्रष्टाचार और टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ भड़के विशाल प्रदर्शनों ने आखिरकार पीएम रोसेन जेलियाजकोव को झुका दिया। लाखों लोग सड़कों पर उतरे और संसद भवन पर इस्तीफा और माफिया आउट जैसे संदेश लेजर से प्रोजेक्ट किए। लगातार दबाव के बीच ढट ने गुरुवार को टीवी पर अपना इस्तीफा घोषित किया-यह कदम संसद में अविश्वास प्रस्ताव से ठीक पहले उठाया गया। सरकार की आर्थिक नीतियों, डिविडेंड टैक्स में बढ़ोतरी और भ्रष्टाचार पर काबू न पाने से जनता भड़क उठी। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार बढ़ते खर्च का बोझ सीधे नागरिकों पर डाल रही है।

# इंदौर में पारा 4.5 डिग्री

## 10 साल का रिकॉर्ड टूटा, राजस्थान के 9 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम, उत्तराखंड में नदी-नाले और झरने जमे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर/भोपाल

मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इंदौर में सर्दी के पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट है। यहां गुरुवार रात न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले दिसंबर, 2015 में 7 डिग्री का तापमान दशक का सबसे कम तापमान था।

राजस्थान के 9 शहरों में गुरुवार को तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया। सीकर के फतेहपुर में सबसे कम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। नागौर में 5 डिग्री, सीकर में 5.5 डिग्री और लूणकरणसर में 5.6 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में तापमान 10.7 डिग्री दर्ज किया गया।



उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से बर्फबारी के बाद अब पाला गिरा रहा है। इससे नदी, नाले और झरने जम गए हैं। चमोली और पिथौरागढ़ में लोगों के घरों में पाइपों में भी पानी जम गया है। वहीं हरिद्वार, हल्द्वानी और रुद्रपुर के कुछ हिस्सों में घने कोहरा देखने को मिल रहा है।

## गोवा क्लब मालिक 42 फर्जी कंपनियों से जुड़े

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब के मालिक लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा बिर्च क्लब के अलावा अन्य 42 कंपनियों से भी जुड़े हैं। जिनमें से कई कंपनियां सिर्फ कागज पर मौजूद हैं। ये सभी कंपनियां दिल्ली में एक ही पते पर रजिस्टर्ड हैं। कॉर्पोरेट रिकॉर्ड से पता चलता है कि लूथरा भाई इन कंपनियों और लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप में डायरेक्टर या पार्टनर के तौर पर लिस्टेड हैं।

## मप्र में लाल आतंक का हुआ अंत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश से नक्सलवाद की कहानी अब इतिहास बन गई है। बालाघाट के जंगलों में अंतिम सक्रिय नक्सली दीपक उर्फ मंगल उइके के आत्मसमर्पण के साथ प्रदेश पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए से इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनते हुए कहा कि लाल आतंक का अध्याय खत्म हुआ, यह सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत और सरकार की समर्पित रणनीति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने बालाघाट, मंडला और डिंडोरी के पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते हुए नक्सल मुक्त अभियान में शामिल पुलिस बलों, अधिकारियों और शहीद जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि पिछले 42 दिनों में 42 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 7 करोड़ 75 लाख रुपये के इनामी नक्सली भी शामिल हैं।



### अब रिटायर होने वाले पुलिसकर्मियों को

# परोपकार योजना का फायदा नहीं मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अब रिटायर होने वाले पुलिसकर्मियों को परोपकार योजना का फायदा नहीं मिलेगा। यानी विभाग की तरफ से दी जाने वाली परोपकार निधि की सहायता उन्हें नहीं मिलेगी। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। पुलिस मुख्यालय में इस बदलाव को लेकर कहा है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, जिनकी सेवानिवृत्ति के 2 साल बाद उनकी मौत होती है, उन्हें भी 1 लाख रुपए की पात्रता है।

इस विषय में बदलाव करते हुए कहा गया है कि परोपकार निधि योजना 2025 के अंतर्गत पात्रता में सेवानिवृत्ति के बाद परोपकार निधि न दिए जाने का प्रस्ताव जारी किया गया है। पिछले दिनों आला अफसरों ने फैसला लिया था कि परोपकार निधि के तहत सेवारत पुलिसकर्मी की मृत्यु होने पर परिजनों को एक के बजाय पांच लाख दिए जाएंगे। इसमें फंड की कमी आने की संभावना देखते हुए रास्ता खोजा गया। कमलनाथ सरकार ने अगस्त 2019 में पुलिस समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दी थी।

तब प्रचलित नियम के अनुसार पुलिस महकमे में परोपकार की राशि रिटायरमेंट के दो साल बाद तक यानी 64 साल की आयु तक दी जा रही थी। रिटायरमेंट की आयु 60 वर्ष थी तब 62 वर्ष की आयु तक के रिटायर कर्मी इसके पात्र थे।

### दो साल की अवधि को घटा दिया

लिहाजा इस नियम में संशोधन करते हुए दो साल की अवधि को घटा दिया गया। ऐसे में नया नियम बनाकर रिटायर कर्मचारियों को इसके दायरे से बाहर कर दिया गया। दरअसल मध्य प्रदेश में अभी तक पुलिसकर्मियों के रिटायरमेंट के 2 साल के बाद मौत होने पर परोपकार के तौर पर 1 से 5 लाख रुपए के परिजनों को दिया जाता था लेकिन अब यह निधि की राशि नहीं दी जाएगी। इसके लिखित आदेश पीएचक्यू ने सभी यूनिटों को जारी कर दिए हैं। परोपकार निधि के तहत रिटायरमेंट के दो सालों के भीतर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के जिन भी कर्मचारियों की मृत्यु रिटायारमेंट के दो साल के भीतर होती है, उनके परिजनों को एक लाख रुपए की राशि दी जाती थी। हाल ही में परोपकार निधि योजना में बदलाव करते हुए ये फैसला लिया गया है कि अब ये सुविधा किसी भी रिटायर कर्मचारी को नहीं दी जाएगी। एक अक्टूबर से रिटायर कर्मचारी परोपकार निधि से बाहर हो गए हैं। स्पेशल डीजी कल्याण एवं महिला सुरक्षा अनिल कुमार का कहना है कि परोपकार राशि को बढ़ाने के लिए नए नियम 1 अक्टूबर से लागू हो गए हैं। अब रिटायर कर्मचारी इसके दायरे में नहीं आएंगे।

### सरकार ने संसद में जानकारी दी

# 2 साल में 1,951 बार विमान के जीपीएस से छेड़छाड़

### फेक सिग्नल कौन भेजता है इसके बारे में पता नहीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में पिछले 2 सालों में विमानों के जीपीएस सिस्टम के साथ 1,951 बार छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। जीपीएस विमान को उसकी सही लोकेशन, दिशा और ऊंचाई बताता है। उड़ान के दौरान नेविगेशन में अहम भूमिका निभाता है। जीपीएस डेटा में गड़बड़ी से विमान की दिशा भटक सकती है जो किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। कुछ दिन पहले दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर भी जीपीएस स्पूफिंग और छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई थीं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि वायरलेस मॉनिटरिंग ऑर्गनाईजेशन इसकी जांच कर रहा है। 10 नवंबर को डीजीसीए ने दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास जीपीएस स्पूफिंग/जीएनएसएस से छेड़छाड़ की रियल-टाइम रिपोर्टिंग के लिए एसओपी जारी की थी। पिछले 12 दिनों में यह दूसरी बार है जब सरकार ने संसद में जीपीएस स्पूफिंग की घटनाओं को स्वीकारा है।

# गरीब मरीज को निजी नर्सिंग होम भेजने पर विधायक ने ली आपत्ति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर

महिदपुर के रामपुरे नर्सिंग होम में गरीब गर्भवती आदिवासी महिला से इलाज के नाम पर 40 हजार रुपये वसूल जाने की बात सामने आने पर विधायक दिनेश जैन ने प्रबंधन से मुलाकात कर उपचार के नाम पर की जा रही इस वसूली पर सख्त आपत्ति दर्ज की। एसडीएम और सीएचएमओ से भी फोन पर बात कर पूरी स्थिति से अवगत कराया।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### केन्द्रीय जेल में बंदियों को वितरीत किये निःशुल्क चश्में



**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल में बंद बंदियों को जांच और परिक्षण में चिकित्सक परामर्श के बाद गुरुवार को निःशुल्क चश्में वितरीत किये गये। जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि 14 पुरूष बंदी और 1 महिला बंदिनी को सर्वधर्म कौमी एकता समिति की ओर से चश्मों का वितरण किया गया है। वहीं सहायक जेल अधीक्षक सुरेश गोयल ने बताया कि समिति अध्यक्ष फहीम सिकंदर ने जेल में बंदियों के लिये चलाई जा रही सुधारत्मक गतिविधियों की सराहना करते हुए जेल अधीक्षक का साफा बांध स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करते हुए कहा कि भविष्य में जरूरतमंद बंदियों को आगे भी निःशुल्क चश्में प्रदान किये जाते रहेगें। इस दौरान उप अधीक्षक (प्रशासन) जसमनसिंह डावर, सहायक अधीक्षक प्रवीण कुमार सहित जेल स्टॉफ और बंदी उपस्थित रहे।

### फर्जी रसीदे पेश करने अभिभाषक पर तीन मामले और दर्ज हुए

**उज्जैन।** न्यायालय में फर्जी रसीदे पेश कर लाखों का गबन करने वाले अभिभाषक के खिलाफ गुरूवार को बड़नगर थाना पुलिस ने तीन मामले ओर दर्ज कर लिये है। 12 नवम्बर को भी एक मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद से अभिभाषक फरार चल रहा है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 12 नवम्बर को न्यायाधीश रामविलास गुप्ता की कोर्ट से योगेश ठाकुर ने लिखित आवेदन पेश करते हुए बताया था कि कथित अभिभाषक उज्जवल जोशी द्वारा न्यायालयीन दीवानी मुकदमों में लगने वाले न्यायालय शुल्क की फर्जी रसीदे बनाकर पेश की गई है। न्यायालय द्वारा रसीदों का सत्यापन करने के दौरान पाया गया कि वकील उज्जवल जोशी ने लाखों का गबन किया है। मामले में धारा 318 (4), 338, 336 (3),336 (4), 340 (2), 316 (2) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया था। उस वक्त सामने आया था कि अभिभाषक ने 18 अक्टूबर 2023 से 17 जुलाई 2025 के बीच गबन किया है। वहीं गुरूवार को बड़नगर न्यायालय की ओर फरार अभिभाषक उज्जवल जोशी के खिलाफ 3 ओर मामले दर्ज कराये गये है। आरोपित के खिलाफ पहले प्रकरण में 5.81 लाख का गबन सामने आया था, तीन मामले ओर दर्ज होने पर गबन की राशि 25 लाख से 20 हजार से अधिक सामने आ चुकी है।

### एसआईआर सर्वे : अब 18 तक फॉर्म जमा कर सकेंगे मतदाता

**उज्जैन।** एसआईआर सर्वे की तारीख एक बार और बढ़ा दी गई है। फॉर्म जमा कराने से बचे हुए मतदाता अब 18 दिसंबर तक अपने फॉर्म दे सकते हैं। बीएलओ व सहायकों को भी एक बार और मैपिंग आदि का मौका मिल जाएगा। तारीख बढ़ने का यह दूसरा मौका है। शुरूआती कार्यक्रम के मुताबिक 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक एसआईआर सर्वे होना था। बाद में अंतिम तारीख 4 से बढ़ाकर 11 दिसंबर की गई और अब 18 ?दिसंबर तक का मौका मिल गया है। दरअसल उज्जैन जिले के करीब 16 लाख मतदाताओं में से अब तक 1.42 लाख मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है। इनमें से भी मिसिंग और अन्य स्थानों पर शिफ्ट हुए मतदाताओं की मैपिंग का मौका मिल जाएगा। इधर, प्रक्रिया पूरी होने के बाद 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन हो जाएगा। दावे-आपत्ति व अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद 21 फरवरी 2026 को मतदाताओं की अंतिम सूची का प्रकाशन हो जाएगा। लोग कारणवश अब तक फॉर्म जमा नहीं करा सके हैं, वे भी अब 18 दिसंबर तक फॉर्म दे सकते हैं। 23 दिसंबर को प्रारंभिक सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद नए लोग भी

# 637 एलएलबी विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए 3 शिक्षक

## छात्रों ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका, कोर्ट में छात्र खुद लड़ रहे केस, नोटिस जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के लॉ डिपार्टमेंट में शिक्षकों की गंभीर कमी का मुद्दा अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। खास बात यह है कि इस मामले में याचिका छात्रों ने खुद दायर की है और कोर्ट में पैरवी भी वही कर रहे हैं। याचिका स्वीकार करते हुए कोर्ट ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, बार काउंसिल और उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के लॉ डिपार्टमेंट में शिक्षकों की कमी को लेकर छात्रों ने कई बार विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन समाधान न निकलने पर अब उन्होंने हाईकोर्ट का रुख कर लिया। अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित ये छात्र कोर्ट में खुद ही केस की पैरवी भी कर रहे हैं। लॉ डिपार्टमेंट में कुल 637 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जो पिछले दो महीनों से फैकल्टी की कमी के विरोध में लगातार आंदोलन कर रहे थे। भर्ती नहीं होने से नाराज छात्रों ने विभाग जाना भी बंद कर दिया है। उनका कहना है कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। विश्वविद्यालय परिसर में भैंस चराकर, मेन गेट पर ताला लगाकर और अलग-अलग तरीकों से प्रदर्शन करने के बाद भी जब मांगें नहीं सुनी गईं, तो अंततः वे न्यायालय की शरण में पहुंचे।



**637 छात्रों के लिए तीन फेकल्टी-** कोर्ट में 637 छात्र-छात्राओं की ओर से पैरवी कर रहे एलएलबी सेकंड ईयर के छात्र दीपक कुमार यादव ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले जब उन्होंने प्रवेश लिया था, तब कॉलेज में पांच फेकल्टी थीं। कुछ ही समय बाद इनमें से तीन का ट्रांसफर कर दिया गया। जबकि नियमों के अनुसार लॉ डिपार्टमेंट चलाने के लिए कम से कम 10 फैकल्टी होना अनिवार्य है। वर्तमान स्थिति यह है कि 637 छात्रों की पढ़ाई के लिए विभाग में केवल तीन फकल्टी बची हैं।

**देश भर के छात्र फीस 32000 रुपए-** छात्रों ने बताया कि उनकी प्रत्येक सेमेस्टर की फीस 29700 है परीक्षा फॉर्म व अन्य मिलकर लगभग 32000 हो जाते है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात व अन्य राज्यों के भी छात्र हैं।

### हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा

- छात्र दीपक कुमार ने बताया कि कई बार प्रदर्शन के बाद भी जब फेकल्टी की और ध्यान नहीं दिया गया तो हम 637 छात्रों ने 21 नवम्बर को हाईकोर्ट इंदौर में याचिका लगाई। 28 नवंबर को पहली हियरिंग हुई पहली सुनवाई में हमने अपनी परेशानी से न्यायालय को अवगत करवाया बताया कि लॉ डिपार्टमेंट में कुल 10 शिक्षकों की नियुक्ति होना चाहिए नियम अनुसार लेकीन हम बीए एलएलए और एएलएम के कुल 637 बच्चो में सिर्फ दो ही नियमित शिक्षक हमे पढ़ा रहे है। 28 नवम्बर को हुई हियरिंग में कोर्ट ने विक्रम विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार , बीसीआई ( बार कौंसिल ऑफ इंडिया) और हायर एजुकेशन को नोटिस जारी किया है।
- कॉलेज में हर रोज 1 बैच की 5 कक्षा लगती है कुल 11 बैच है 55 कक्षाएं हुई और पढ़ाने वाले 3 ही शिक्षक हैं। डेढ़ सालों से यही हालत है। 21 और 28 नवंबर को लगी याचिका में एलएलबी सेकेंड ईयर के छात्र दीपक कुमार ने अपना 637 छात्रों की हक की लड़ाई लड़ी। जिसमें दीपक कुमार ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अपनी बात रखी। इस दौरान दीपक कोर्ट में पेशेवर हाईकोर्ट वकील की तरह पेश आए। दीपक कुमार ने बताया कि सीखा हुआ काम आया। मेने उज्जैन कोर्ट में इंटर्नशिप की थी वही काम आ गया।

### 2026 में पड़ेगा ज्येष्ठ अधिकमास

# 13 माह का होगा साल

## धार्मिक और खगोलीय दृष्टि से कुंभ से पहले विशेष संयोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हिंदू पंचांग के अनुसार आगामी वर्ष 2026 विशेष खगोलीय संयोग लेकर आ रहा है। हिंदू पंचांग गणना के मुताबिक यह वर्ष 13 महीनों का होगा, क्योंकि 2026 में अधिकमास पड़ रहा है। इस बार अधिकमास ज्येष्ठ माह में आने वाला है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार सिंहस्थ कुंभ से पहले मई का महीना बेहद फलदायक माना जा रहा है।

हिंदू समय गणना पूरी तरह विक्रम संवत पर आधारित है और वर्तमान में विक्रम संवत 2082 चल रहा है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य अमर डिब्बेवाला का कहना है कि वर्ष 2026 में बन रहा यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और शुभ है।

पंचांग की गणना के अनुसार हर 2-3 वर्ष में एक अतिरिक्त महीना जुड़ता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है। यह तब बनता है जब किसी पूरे चंद्र मास के दौरान सूर्य किसी भी राशि में प्रवेश नहीं करता। चंद्र मास और सौर मास की गति में अंतर को संतुलित करने के लिए ही



यह अतिरिक्त महीना पंचांग में जुड़ता है। इसे अधिकमास, अध्याय मास या मलमास भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अधिकमास को अत्यंत पवित्र माना गया है। इस महीने में किए गए व्रत, जप, तप, दान-पुण्य और पूजा-पाठ का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक मिलता है। 2026 में जेष्ठ अधिकमास आने के कारण यह वर्ष आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्य अमर डिब्बेवाला ने बताया कि हिंदू माह ज्येष्ठ मई में आएगा, इसे पुरुषोत्तम एकादशी भी कहा जाता है। 2028 कुंभ से पहले आने के कारण अधिक प्रभावशाली होगा। अधिक मास की उत्पत्ति पंचांग की तिथियों के घटने और बढ़ने से होती है। घंटा, मिनट, कला, विकला के कुल जमा होने से बनने वाले समय, उस समय से दिन का निर्माण होता, दिन से सप्ताह का और सप्ताह से महीने का निर्माण होता है। ये सब तिथियों की गणना पर निर्भर करता है। इस गणना में अधिकांश तीन वर्ष में अधिकमास होता है।

### ये कार्य करें पूरे माह

हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार ज्येष्ठ का काल लगभग 58 से 59 दिनों तक होगा। इसे ही अधिकमास, मलमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। मई वैसे ही सबसे बड़ा माना जाता है। भगवान पुरुषोतम की साधना की जाती है। इसे विशेष धार्मिक कर्मों और पुण्य कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि अधिकमास में पूरे माह धर्म से संबधित मांगलिक कार्य (विवाह और गृह प्रवेश, मंडन आदि को छोड़कर), तीर्थ यात्रा, भागवत, भजन, पूजन, कीर्तन, ब्राह्मणों को दान एक माह तक पवित्र नदियों में स्नान किया जाता है। शिप्रा नदी में स्नान के बाद महाकालेश्वर मंदिर में पूजन अर्चना कर पितरों का तर्पण करने की भी परम्परा है।

### महाकाल मंदिर के अतिथि निवास में

# अब 24 घंटे मिलेगा बेसन और रागी का लड्डू प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का लड्डू प्रसाद अब 24 घंटे उपलब्ध हो सकेगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने हरसिद्धि मंदिर के पास अतिथि निवास के बाहर एक काउंटर शुरू किया है। अब तक महाकाल परिसर में सुबह 6 से रात 11 बजे तक ही काउंटर पर लड्डू प्रसाद मिलता था।

श्रद्धालु बेसन के साथ रागी से बनाए लड्डू प्रसाद किसी भी समय प्राप्त कर सकें, इसके लिए यह शुरूआत की है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि भस्मआरती में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ शयन आरती के बाद भी लड्डू प्रसाद मिलेगी। इसकी सतत उपलब्धता बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। प्रमाण पत्र : एफएसएसएआई ने महाकाल मंदिर के लड्डू प्रसाद को 2021 में भोग प्रमाण पत्र जारी किया है, जो प्रसाद की शुद्धता और स्वच्छता के लिए दिया जाता है।

लड्डू यूनिट को हाइजीन रेटिंग में एफएसएसएआई से फाइव-स्टार रेटिंग मिली है, जो चुनिंदा मंदिरों को मिलती है। लड्डू शुद्ध देसी घी, बेसन और ड्रायफ्रूट्स से बनाए जाते हैं। परिसर में ही दाल से बेसन बनाने के लिए चक्की भी है। लड्डू यूनिट में साफ-सफाई और गुणवत्ता नियंत्रण का पालन किया जाता है, जिसमें हर घंटे सफाई होती है। सभी कच्ची सामग्री का भोपाल स्थित लैब में नियमित परीक्षण होता है। शुद्धता प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही प्रसाद बनाया जाता है। मंदिर समिति खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करती है और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित निरीक्षण करते हैं।

**मंदिर में चार काउंटर पर मिलता है प्रसाद-** महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद की उपलब्धता के लिए चार काउंटर हैं। एक ओंकारेश्वर मंदिर के सामने परिसर में, दूसरा निर्गम द्वार के पास, तीसरा गेट नंबर 1 के पास और चौथा प्रशासकीय कार्यालय के सामने। यहां से प्रतिदिन 20 से 30 क्विंटल लड्डू प्रसाद भक्त ले जाते हैं। पर्व, त्योहार और उत्सवों पर इसकी मात्रा 50 से 70 क्विंटल तक पहुंच जाती है।

# महाकाल मंदिर में नित्य दर्शनार्थियों के प्रवेश पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

**भक्तों ने प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर दर्शन पुनः शुरू करने की मांग की**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में सैकड़ों नित्य दर्शनार्थियों के प्रवेश पर रोक लगाने से आक्रोश फैल गया है। श्री महाकालेश्वर नित्य दर्शनार्थी भक्त मंडल ने मंदिर प्रबंध समिति प्रशासक के नाम सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल को ज्ञापन सौंपा है। यह समस्या स्क्रीन शॉट मशीन पर हाजिरी दर्ज न होने के कारण उत्पन्न हुई है।

भक्त मंडल के अध्यक्ष रवि राय ने बताया कि मंदिर समिति ने भगवान श्री महाकाल के प्रतिदिन दर्शन के लिए आने वाले नित्य दर्शनार्थियों के प्रवेश की व्यवस्था की है। इन्हें गेट नंबर 4 से प्रवेश दिया जाता है और मशीन से स्क्रीन शॉट के माध्यम से पहचान कर हाजिरी दर्ज की जाती है। पिछले कुछ समय से मशीनों में खराबी के कारण कई नियमित दर्शनार्थियों की हाजिरी दर्ज नहीं हो पा रही थी।



वर्तमान में सैकड़ों दर्शनार्थियों के नित्य प्रवेश पर रोक लगा दी गई है, जिससे भक्तों में नाराजगी है। गुरुवार शाम को भक्त मंडल के सदस्यों ने सहायक प्रशासक जूनवाल को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि पूरे वर्ष की हाजिरी के आधार पर सभी नित्य दर्शनार्थियों के दर्शन पुनः शुरू किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश देने का आग्रह किया।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जो भक्त नित्य दर्शन के इच्छुक हैं, उनके नए आवेदनों को स्वीकार कर उन्हें नित्य दर्शनार्थियों में शामिल किया जाए। सहायक प्रशासक जूनवाल ने बताया कि उन्हें भक्त मंडल का ज्ञापन प्राप्त हुआ है और इसे वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में 2000 से अधिक नियमित दर्शनार्थी पंजीकृत हैं, जिनकी पहचान प्रतिदिन की उपस्थिति के आधार पर होती है।

उज्जैन
शुक्रवार
12
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या रूपं कुरूपाणां क्षमा रूपं तपस्विनाम्।
कोकिलानां स्वरो रूपं स्त्रीणां रूपं पतिव्रतम्।।

**अर्थः** कुरूप का रूप है, तपस्वी का विधायक, कोकिला का रूप, विद्रोह का विधायक।

## खबर एक नजर...

### इंदौर के डॉ. अंबेडकर नगर-तोकुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**इंदौर।** विंटर शेड्यूल और क्रिसमस त्योहार के दौरान ट्रेनो में अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को समायोजित करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के डॉ. अम्बेडकर नगर से तोकुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09304/09303 डॉ. अंबेडकर नगर तोकुर- डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल दोनों दिशाओं में दो-दो फेरे चलेगी। गाड़ी संख्या 09304 डॉ. अंबेडकर नगर तोकुर स्पेशल 21 और 28 दिसम्बर रविवार को 4.30 बजे डॉ. अंबेडकर नगर से चलेगी तथा मंगलवार को 03.00 बजे तोकुर पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के इंदौर(16.55/17.00 बजे), देवास (17.38/17.40 बजे), उज्जैन(18.20/18.25), नागदा (19.10/19.12), रतलाम (19.35/19.45) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। इसी प्रकार, वापसी में गाड़ी संख्या 09303 तोकुर डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल 23 और 30 दिसम्बर मंगलवार को तोकुर से 05.00 बजे चलेगी तथा बुधवार को 15.30 बजे डॉ. अंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के रतलाम (10.20/10.30, बुधवार), नागदा (10.58/11.00), उज्जैन (12.15/12.20), देवास (13.35/13.40) और इंदौर (14.40/14.45) बजे आगमन/प्रस्थान होगा।

### आतंकी कनेक्शन बोल डिजिटल अरेस्ट

**इंदौर।** एरोड्रम थाना इलाके में रहने वाली एक वृद्ध महिला को बदमाश ने खुद को जम्मू का एसपी बताकर धमकाया। उन्होंने कहा- कि एक आतंकवादी पकड़ाया है, उसके मोबाइल में तुम्हारा कनेक्शन मिला है। 2300 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग में तुम्हारे खाते का उपयोग हुआ है। बदमाशों ने 10 दिन तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखा और 29.70 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। शहर में पहली बार किसी बुजुर्ग को आतंकवादी कनेक्शन के नाम से डराकर ठगा गया है। एरोड्रम पुलिस ने वृद्धा की शिकायत पर केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि मैं अकेली रहती हूं। मेरे दो बेटे हैं, जो विदेश में हैं। 23 नवंबर की शाम को व्हाट्सएप नंबर पर अनजान कॉल आया। उसने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर से एसपी बोल रहा हूं। मैंने जो आंतकवादी पकड़ा है, उसके मोबाइल में तुम्हारा नंबर मिला है। आपका नाम मनी लॉन्ड्रिंग में आया है। आप किसी को कुछ मत बताना नहीं तो उसे भी जेल भेज देंगे। घर के दरवाजे बंद कर लो और किसी से भी फोन पर व अन्य किसी माध्यम से बात मत करना। आपके मोबाइल का कन्ट्रोल हमारे हाथ में है। किसी को फोन भी लगाया तो हमें जानकारी मिल जाएगी।

### 49 करोड़ शराब घोटाले में ईडी ने पेश किया चालान

**इंदौर।** इंदौर में हुए 49 करोड़ के शराब घोटाले में एऊयानी प्रवर्तन निदेशालय ने चालान पेश कर दिया है। यह शराब घोटाला शुरूआत में 49 करोड़ रुपए का था लेकिन अब तक जांच में यह 71 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। ईडी ने आबकारी घोटाले में स्पेशल कोर्ट इंदौर में मनी लांड्रिंग के तहत चालान पेश कर दिया है। ईडी इस केस में 70 करोड़ के बाजार मूल्य की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। ईडी ने इंदौर के रावजी पुलिस स्टेशन में शराब ठेकेदारों के खिलाफ सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। आरोपी ठेकेदारों पर सरकारी चालानों में जालसाजी और हेरफेर करने का आरोप है। इस केस में शराब ठेकेदारों के साथ ही अधिकारियों की भी मिलीभगत सामने आई थी। इसमें अधिकारियों की जांच भी विभाग स्तर पर जारी है। हालांकि ईडी ने अभी किसी भी अधिकारी को आरोपी नहीं बनाया है।

## इंदौर में कड़ाके की ठंड में दर्शन करने पहुंचे हजारों भक्त, जय रणजीत के लग रहे जयघोष


# 4 घंटे में 2 किमी बढ़ी बाबा रणजीत की यात्रा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रणजीत अष्टमी के मौके पर इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर से रणजीत बाबा की विशाल प्रभातफेरी निकाली जा रही है। स्वर्ण रथ पर विराजित बाबा के दर्शन पाने के लिए कड़ाके की ठंड में भी हजारों भक्त उमड़ पड़े हैं। करीब 4 से 4.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर बढ़ती यह प्रभातफेरी द्रविड़ नगर, महू नाका, दशहरा मैदान और अन्नपूर्णा मंदिर होते हुए आगे बढ़ रही है।

भीड़ अधिक होने से यात्रा 4 घंटे में मात्र 2 किमी का सफर तय कर पाई है। रास्ते में हनुमान जी की सुन्दर झांकी, कलाकारों की प्रस्तुति, डिजिटल झांकी में दिखाया जा रहा रणजीत लोक, ढोल-मंजीरों के साथ चल रही महाकाल मंडलियां और हाथों में ध्वज लिए महिलाएं... ये सब मिलकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना रहे हैं। भजन मंडली के भजनों पर भक्त ताली बजा रहे





हैं, वीडियो बना रहे हैं और हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। प्रभातफेरी में सबसे पहले पुलिस बल, प्रचार वाहन, बैनर, कड़ाबिन, सरगम बैंड, 101 पुरुष ध्वज वाहक, भजन गायक, पुरुष वर्ग, महाकाल मंडली, भजन गायक, युवा वर्ग, झांकी, महाकाल मंडली, एलईडी झांकी, महाकाल मंडली, महिला मंडल, जीप रथ, संध्या आरती मंडल, हनुमान ध्वज पथक, बाहुबली हनुमान-महाबली हनुमान, जीप रथ, भजन गायक, झाडू सफाई टीम, रामजी झांकी, भजन गायक-झांकी, अतिथि, बाबा का स्वर्ण रथ, पुलिस टीम, सफाई टीम, एम्बुलेंस रहेंगी।

### 70 सीसीटीवी और 4 ड्रोन कैमरों से निगरानी

70 सीसीटीवी कैमरे और 4 ड्रोन कैमरों से प्रभातफेरी में पुलिस नजर रख रही है। 600 से ज्यादा पुलिसकर्मी इसमें लगे हैं। अलसुबह 3 बजे से प्रभातफेरी मार्ग पर तैनात हैं। इसके अलावा पुलिस के आला अधिकारी और कई अन्य अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय हैं। इमरजेंसी की स्थिति में तीन एम्बुलेंस नरेंद्र तिवारी मार्ग, महू नाका चौराहा और दशहरा मैदान के पास तैयार हैं। साथ ही तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौजूद हैं। प्रभातफेरी में सभी मंच लेफ्ट साइड लगे हैं और 15 वॉच टावरों से पुलिस लगातार नजर रख रही है।

### यहां रहेगी पार्किंग

ट्रैफिक पुलिस ने प्रभातफेरी में आने वाले लोगों से अपील है कि कलेक्टोरेट चौराहा की ओर से आने वाले भक्त अपनी गाड़ियां लालबाग परिसर में पार्क कर प्रभातफेरी में शामिल हो सकेंगे और गंगवाल की ओर से आने वाले वाहन चालक सराफा स्कूल एमओजी लाइन एवं शासकीय स्कूल एमओजी लाइन परिसर में अपनी गाड़ियां पार्क कर सकेंगे। अन्नपूर्णा से आने वाले भक्त अपनी गाड़ियां दशहरा मैदान में पार्क कर प्रभातफेरी में शामिल हो सकेंगे।


# 22 दिसंबर से शुरू हो रही इंदौर-रीवा सीधी फ्लाइट

## इंडिगो करेगी संचालन, उप मुख्यमंत्री बोले- हवाई सेवा शुरू होने से विंध्य क्षेत्र को लगेंगे पंख

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर से रीवा के लिए 22 दिसंबर से सीधी फ्लाइट शुरू होने जा रही है। इस फ्लाइट का संचालन इंडिगो एयरलाइंस द्वारा किया जाएगा। यह फ्लाइट सुबह 11.30 बजे इंदौर से रवाना होगी और 1 घंटे 45 मिनट बाद यानी दोपहर 1.15 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेगी। कंपनी ने इस फ्लाइट के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। हालांकि इंडिगो क्राइसेस को देखते हुए एविएशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगो का कहना है की यह देखने वाली बात होगी की यह फ्लाइट का संचालन समय पर होता है या नहीं।

इंदौर प्रवास पर आए उप मुख्यमंत्री डॉ. शुक्ल ने बताया कि 22 दिसंबर से




इंदौर-रीवा हवाई सेवा प्रारंभ की जा रही है। इस सेवा के प्रारंभ होने से विंध्य क्षेत्र के इंदौर में निवासरत हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। विंध्य क्षेत्र के सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज आदि क्षेत्रों के नागरिक व्यापार, व्यवसाय एवं शिक्षा की दृष्टि से इंदौर आते हैं।

हवाई सेवा शुरू होने से उन्हें यह सुविधा मिलेगी। इंदौर-रीवा हवाई सेवा शुरू होने के बाद विंध्य के नागरिक इंदौर विमानतल से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के लिए जा सकते हैं। डॉ. शुक्ल ने कहा कि पिछले दिनों ही रीवा से दिल्ली के लिए हवाई सेवा शुरू की गई है। जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। विंध्य क्षेत्र का विकास अब और तेजी गति से होगा। वहां पर अभयारण्य, बांध, जलप्रपात आदि बन जाने के कारण इस क्षेत्र में विकास ने एक नई करवट ली है। रीवा में अधिकांश रोड फोरलेन और सिक्सलेन है। रीवा सड़क, रेल मार्ग और अब हवाई मार्ग से जुड़ने के कारण यहां विकास और तेज गति से होगा। इंदौर से रीवा के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट के लिए इंडिगो में बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनी इस फ्लाइट के लिए तीन कैटेगरी में बुकिंग कर रही है। पहली कैटेगरी सेवर फेयर है जिसका किराया 5,203 रुपए है, दूसरी कैटेगरी फ्लेक्सी प्लस फेयर है जिसका किराया 5,518 रुपए है वहीं तीसरी कैटेगरी सुपर 6ए फेयर है, जिसका किराया 6,778 रुपए है।

# पटवारी, चौकसे सहित सात नेता एमपी एमएलए कोर्ट से बरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

कोरोना संक्रमण के समय शहर में धारा 144 लागू होने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मशाल रैली निकाली थी। इस मामले में परदेशीपुरा पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और सात नेताओं को आरोपी बनाया गया था। पांच साल तक चले केस के बाद अब सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। इसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया और अन्य शामिल हैं। प्रथम श्रेणी एवं विशेष न्यायाधीश देव कुमार की एमपी एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेताओं पर चल रहे केस को खारिज करते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया। कांग्रेस नेताओं की ओर से एडवोकेट जय हार्डिया ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि 2020 में कोरोना संक्रमण के दौरान परदेशीपुरा थाने में सात कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पांच साल तक चले ट्रायल में पुलिस द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि प्रकरण क्रमांक ही सही नहीं लिखा गया था।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम की दो सहेलियों की पेशी

## शिलॉन्ग कोर्ट ने किए सवाल-जवाब, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पूछा- सोनम का व्यवहार कैसा था?

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की दो सहेलियां अदालत में पेश हुईं। गुरुवार को शिलॉन्ग कोर्ट में चली सुनवाई में दोनों युवतियां इंदौर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुईं। इस दौरान उनके वकीलों की टीम भी मौजूद रही।

युवतियों के नाम दीपांशी और प्रियांशी हैं। वे सोनम के भाई गोविंद की फैक्ट्री में कम्प्यूटर का काम करती हैं। दोनों ई-सेवा के माध्यम से सुनवाई में जुड़ीं। कोर्ट ने दीपांशी का बयान दर्ज कर लिया है। प्रियांशी का बयान अगली सुनवाई में लिया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, कोर्ट ने सबसे





पहले दीपांशी से सोनम की पहचान कराई। फिर सोनम के व्यवहार को लेकर सवाल किए गए। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या वह राजा रघुवंशी को जानती थी? गवाही देने के बाद सोनम की सहेलियां मीडिया से बात किए बिना कोर्ट से निकल गईं।

दीपांशी और प्रियांशी की पेशी के लिए सरकारी वकील ने कोर्ट से मांग की थी। उन्हें इसका नोटिस 27 नवंबर 2025 को मिला था। यह सरकारी वकील का दूसरा नोटिस था। पहले नोटिस पर दोनों शिलॉन्ग में उपस्थित नहीं हुई थीं।

मामले की जांच कर रही मेघालय पुलिस की एसआईटी ने 6 सितंबर को शिलॉन्ग कोर्ट में 790 पन्नों की चार्जशीट पेश की। इसमें सोनम समेत 8 लोगों के नाम है।

चार्जशीट में राजा की पत्नी सोनम और उसके बॉयफ्रेंड राज कुशवाह समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। पांचों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### शिलॉन्ग में खाई में मिला था राजा का शव

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम के साथ शादी हुई थी। 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए इंदौर से मेघालय रवाना हुए थे। 22 मई को दोनों सोहरा की यात्रा पर निकले थे। उन्होंने एक एक्टिवा भी किराए पर ली थी।

24 जून को राजा-सोनम से परिवार का संपर्क टूट गया था। 27 मई से दोनों की सर्चिंग शुरू की गई। 29 मई को तेज बारिश के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी थी। इसके बाद 30 मई को दोबारा सर्चिंग शुरू की गई। 2 जून को खाई में राजा का शव मिला। 3 जून को राजा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसकी हत्या पेड़ काटने वाले हथियार से की गई थी।

**सोनम यूपी के गाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली-** इसके बाद पुलिस सोनम की तलाश में जुट गई। 9 जून को सोनम यूपी के गाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली थी। इसके बाद परत-दर-परत मामले में कई खुलासे हुए। मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन की जमानत हो चुकी है।

## खबर एक नजर...

### समाज के हर वर्ग, हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व मानवाधिकार दिवस पर समाज में मानवता, समानता और न्याय के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानवाधिकार दिवस पर हमें सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करते हुए एक-दूसरे के सम्मान, शांति और अधिकारों को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना चाहिए।

### गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**उज्जैन।** जिला कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रुम के समीप माधवनगर क्षेत्र में बन रहे नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन के प्रगतिरत निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य ऐजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में किया जाए। उन्होंने बताया कि नवीन कलेक्टर भवन का वर्तमान में बेसमेंट स्तर पर कार्य चल रहा है।

### महापौर द्वारा डिस्पोजल ग्लास के प्रतिबंध को लेकर समीक्षा की

उज्जैनः गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा आईईसी टीम लीडरों की उपस्थिति में शहर में डिस्पोजल ग्लास के प्रतिबंध को लेकर चलाए जा रहे 07 दिवसीय अभियान को लेकर समीक्षा की गई जिसमें टीम लीडरों द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि अभियान के अंतर्गत चाय की दुकानों, होटलों एवं गुमटियों पर पहुंचकर उन्हें समझाइश दी जा रही है कि प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास का उपयोग नहीं करना है क्योंकि यह पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है इससे कचरा उत्पन्न होता है साथ ही ग्लास में गर्म चाय देने से स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक होता है, अभियान अंतर्गत दुकानदारों द्वारा इस अभियान की प्रशंसा करते हुए निगम के इस अभियान में सहयोग किया जा रहा है।

# संपत्तिकर जमा नहीं करने पर सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज सील




कॉलेज पर 1.1 करोड़ टैक्स बकाया, उज्जैन नगर निगम ने की कार्रवाई

## प्रिंसिपल बोले-कोर्ट जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नेशनल लोक अदालत से पहले उज्जैन नगर निगम ने शहर के बड़े संपत्तिकर बकायादारों पर सख्त कार्रवाई की है। सबसे बड़ा बकायादार सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज है, जिसने एक करोड़ एक लाख 20 हजार रुपए का टैक्स जमा नहीं किया है। निगम का अमला बुधवार को कॉलेज पहुंचा और स्टोर रूम सील किया। इसके अलावा 7 अन्य बकायादारों पर कार्रवाई की गई है। ये कार्रवाई गुरुवार को भी चल रही है।

निगम की टीम ने बुधवार को जोन क्रमांक एक, तीन और छह में कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के अनुसार इन पर कुल 1.22 करोड़ रुपए का बकाया है। मिश्रा ने बताया कि 13 दिसंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए संपत्तिकर अमले ने बकायादारों को बिल जारी किए थे। पहले से बिल जारी होने के बाद भी कई बकायादारों ने राशि जमा नहीं की, जिसके बाद तालाबंदी की कार्रवाई की गई। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बकाया जमा नहीं करने वालों पर आगे भी इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।



### प्रिंसिपल बोले- कोर्ट जाएंगे

सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में तालाबंदी के बाद प्रिंसिपल उमेश पेंढारकर ने निगम की इस कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष से हम संपत्तिकर जमा कर रहे हैं। इससे पहले की इतनी राशि बाकी थी हमको नहीं पता थी। हाल ही में निगम से हमें नोटिस मिला, इससे पहले नोटिस नहीं मिला था। निगम ने वर्ष 1991 से टैक्स जोड़ा है। हम कोर्ट में इसका विरोध करेंगे, नहीं माने तो शासन से डिमांड करेंगे। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि बकायादारों को लगातार नोटिस भेजे गए, लेकिन उन्होंने टैक्स जमा नहीं किया। इसके बाद इंजीनियरिंग कॉलेज सहित 3.76 लाख बकाया पर ठाकुर इंडस्ट्री नागझिरी, 1.96 लाख बकाया पर ठाकुर समाज संगठन जयसिंहपुरा, 1.31 लाख पर भीलागारी जयसिंहपुरा, 68 हजार बकाया पर मोहम्मद इमरान खान श्रीपाल मार्ग के खिलाफ तालाबंदी की कार्रवाई की गई है।

# 799 पीएमश्री स्कूलों में 4.80 लाख विद्यार्थियों को मिली अध्ययन की सुविधा

### पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के स्कूलों का कर रहे हैं नेतृत्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष-2020 के अनुरूप 799 स्कूलों को पीएमश्री विद्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा है। इन पीएमश्री विद्यालयों में 4 लाख 80 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएँ, लायब्रेरी, खेल उपकरण और कला कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित कराकर इनको आधुनिक रूप दिया गया है। ये पीएमश्री स्कूल अपने क्षेत्र के अन्य स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए नेतृत्व कर रहे हैं।

### व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास

पीएमश्री स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास में दक्ष किया जा रहा है। उन्हें कॅरियर काउंसिलिंग से भविष्य में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जा रही है।




शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीएमश्री योजना में 124 स्कूलों में कॅरियर काउंसलर और 137 स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। कक्षा 9 से 12 तक के करीब 2 लाख 41 हजार बच्चों को कॅरियर विकल्प का मार्गदर्शन दिया गया है। पीएमश्री स्कूलों में सोलर पैनल, एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती, पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर, जल और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित परम्पराओं की जानकारी देते हुए हरित स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पीएमश्री स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को आईआईएम इंदौर, रायपुर और टीआईएसएस मुंबई में शिक्षण कला की विधाओं का प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए टीचिंग, लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) तैयार करने के लिए 544 पीएमश्री स्कूलों का चयन किया गया है। समस्त पीएमश्री स्कूलों में मैथ्स और साइंस सर्किल गतिविधियाँ नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशल, रचनात्मक सोच और टीम वर्क को प्रोत्साहित किया जा सके।

## जिले को लगातार प्राप्त हो रहा है यूरिया एवं पर्याप्त मात्रा में है भण्डारण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में रबी मौसम की फसल बुआई का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले में रबी मौसम में मुख्य रूप से गेहूं की फसल लगाई जाती है। वर्तमान में गेहूं की फसल 30 से 35 दिन की अवस्था में है। किसान भाईयों के द्वारा गेहूं फसल में प्रथम सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। जिले में किसान भाईयों को उनकी मांग अनुसार उर्वरक सुगमता से उपलब्ध कराया जा रहा है। आज दिनांक को जिले में सेवा सहकारी समिति / निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर कुल 4323 मै.टन यूरिया 1346 मै.टन डी.ए.पी. 4280 मै. टन एन.पी.के. उपलब्ध है। जिले को मांग अनुसार निरंतर यूरिया उपलब्ध हो रहा है। दिनांक 09.12. 2025 को 2653 मै.टन यूरिया एवं आज दिनांक को 2675 मै.टन यूरिया की रैक जिले को प्राप्त हुई है। जिसे जिले के किसानों को वितरण करने हेतु संबंधित सेवा सहकारी समितियों / निजी उर्वरक विक्रेताओं को भेजी जा रही है। जिले में गेहूं की फसल के अतिरिक्त उद्यानिकी फसलों में आलू, लहसून, प्याज एवं मटर मुख्य फसल है। रबी मौसम में फसलों की उर्वरकों की पूर्ति कलेक्टर के मार्गदर्शन/निगरानी में उपसंचालक कृषि की मॉनिटरिंग में किसानों को की जा रही है।

# दो वर्षों में विभाग ने गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के नए आयाम स्थापित किए

### हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना—जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाने की हमारी संकल्पना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार हैं। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक निर्माण कार्य को सिर्फ एक तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाले साधन के रूप में देखना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के साथ प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, यही प्रयास ३लोक निर्माण से लोक कल्याण३ की भावना को साकार करते हैं। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिये।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभाग द्वारा ३लोक निर्माण से लोक कल्याण३ की भावना को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की आधारभूत संरचना का विकास ही जनकल्याण का आधार है और विभाग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाने की हमारी संकल्पना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ायें। पूरे प्रदेश को समावेशित कर समग्र विकास पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जबलपुर और ग्वालियर को भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अधोसंरचना विकास का लाभ प्राप्त हो इस आधार पर प्रस्ताव की परिकल्पना की जाये। उन्होंने कहा कि राजमार्गों का घनत्व राष्ट्रीय स्तर के समीप ले जाने के लिए विजन डॉक्यूमेंट के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव में स्थानीय मांगों और सुझावों को यथोचित स्थान दिया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपर मुख्य सचिव क्षेत्रों के समग्र विकास अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में लोक निर्माण विभाग को भी शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास में पर्यावरण समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाये। सतत संवहनीय विकास के लिए सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज में भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाये। बिजली और पानी की बचत सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भवन निर्माण में वास्तु-विज्ञान का ध्यान रखा जाये। ताकि सूर्य की रोशनी, हवा अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित हो और ऊर्जा की बचत की जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक्सप्रेस-वे आधुनिक समय की मांग है। इन अधोसंरचनाओं के विकास में ग्रामीण क्षेत्र की सुविधाओं का ध्यान रखा जाये। आवश्यकतानुसार फ्लाई-ओवर, अंडर-पास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ-2028 के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। दिसम्बर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ हो जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि कार्यों को जून-2027 तक पूर्ण किया जाये।

## खबर एक नजर...

### सूरत में आयोजित अखिल बैठक में महापौर सम्मिलित होंगे

**उज्जैन.** अखिल भारतीय महापौर परिषद कार्यकारिणी की 116 वीं बैठक दिनांक 13 एवं 14 दिसंबर 2025 को सूरत में आयोजित की जा रही है जिसमें उज्जैन से महापौर श्री मुकेश टटवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में सम्मिलित होने के लिए आज शुक्रवार को प्रस्थान करेंगे।

### सीएनजी चलित कचरा कलेक्शन वाहन निगम को हैंड ओवर

**उज्जैन.** अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल की उपस्थिति में ग्रांड होटल पर सीएनजी चालित 05 कचरा कलेक्शन वाहन सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत नगर निगम को हैंड ओवर किए गए।

शहर को प्रदूषण मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा नगर निगम उज्जैन को 05 सीएनजी चलित कचरा कलेक्शन वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं जिन वार्डों में कचरा गाड़ी की आवश्यकता है उन वार्डों में कचरा कलेक्शन वाहन की उपलब्धता करवाते हुए गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक संग्रहण करवाने का कार्य किया जाएगा।

# बकायदारों की सूची लेकर सभी अधिकारी, कर्मचारी फील्ड में निकले और वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें

### निगम का सम्पूर्ण अमला मिशन मोड पर कार्य करते हुए वसूली प्रतिशत को बढ़ाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

13 दिसंबर शनिवार को समस्त जोन कार्यालयों में नगर निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगर निगम का संपूर्ण अमला मिशन मोड पर कार्य करते हुए लोक अदालत तक जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसकी वसूली के लिए कार्य करेगा उक्त निर्देश निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार को आयोजित राजस्व विभाग अंतर्गत संपत्ति कर एवं जलकर की समीक्षा बैठक में दिए गए

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत 1500 से अधिक की संख्या में बड़े बकायदारों को चिन्हित करते हुए बिल जारी किए गए हैं साथ ही इस बार नेशनल लोक अदालत का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक का रखा गया है जिसकी शत प्रतिशत रूप से वसूली की जाना है

समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नेशनल लोक अदालत अंतर्गत जो टारगेट दिया गया है इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी फिजिकली रूप से बड़े बकायदारों से संपर्क करते हुए वसूली करें, नेशनल लोक अदालत अंतर्गत जोन में संपूर्ण व्यवस्थाएं रहे ऑपरेटर, कंप्यूटर, इंटरनेट, कैश मशीन की व्यवस्था रहे साथ ही जोन में आने वाले नागरिकों को भी सुविधा मिले इसलिए बैठने की समुचित व्यवस्थाएं एवं पीने के लिए पेयजल पानी की उपलब्धता रहे, शहर के बड़े होटल, मैरिज गार्डन, होमस्टे, अस्पताल एवं जितनी भी कमर्शियल संपत्तियां हैं उनसे संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली की जाना है




बैठक में अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, श्री पवन कुमार सिंह, श्री संदीप शिवा, अपर आयुक्त वित्त श्री पुनीत शुक्ला, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, श्री संजेश गुप्ता, श्री मनोज मौर्य, समस्त जोन के सहायक आयुक्तगण, जनसंपर्क अधिकारी, संपत्ति कर अधिकारी एवं बिल वितरक अधिकारी उपस्थित रहे

### उज्जैन अटल पेंशन योजना में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने में प्रदेश में दूसरे स्थान पर

भारत सरकार वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा योजना के लक्ष्य प्राप्त करने एवं पात्र नागरिकों के जनधन खाते खोलने ,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना के लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए संपूर्ण जिले में पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर शिविर निरंतर 1 जुलाई से 31 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित किए गए हैं।

## केन्द्रीय जेल उज्जैन में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केन्द्रीय जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू द्वारा बताया गया कि गत दिवस डॉ. अंजना शुक्ला, आदित्य मानव विकास शोध संस्थान उज्जैन के सौजन्य से केन्द्रीय जेल उज्जैन में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. अजना शुक्ला, अध्यक्ष द्वारा जेल अस्पताल हेतु 10 नग गद्दे भेंट किए गए। इनके द्वारा मानव अधिकार आयोग की आज के दिवस सार्वभौमिक स्थापना के संबंध में जानकारी देकर मानव अधिकारों के बारे में बताया गया। जेल अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू द्वारा जेल में परिरूद्ध बंदियों के मानव अधिकारों की सुरक्षा की बात कहीं गई। तथा बंदियों के पुनर्वास एवं उत्थान हेतु चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर देखी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं

गुरुवार को डॉ. अर्चना मिश्रा, वरिष्ठ संयुक्त संचालक, संचालनालय, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश व ओ.आई.सी., जिला उज्जैन की अध्यक्षता में जिला उज्जैन की जिला स्तर पर बैठक का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन में किया गया। बैठक में डॉ. दीपक पिप्पल, क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, उज्जैन संभाग, डॉ. अशोक कुमार पटेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. सुनीता परमार जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी, डॉ. मंजूषा पिप्पल जिला स्वास्थ्य अधिकारी, श्री मनीष भद्रावले जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सुश्री परविन्दर बग्गा समस्त बी.पी.एम., बी.सी.एम., पब्लिक हेल्थ मैनेजर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए।

# एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन पर वर्षो से जमा पुराने कचरे को निगम द्वारा समाप्त करते हुए क्षेत्र की जनता से किया हुआ वादा पूरा किया - महापौर

### वर्षो से जमा लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) का बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत निष्पादन किया जा रहा है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एमआर 5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर विगत 10 वर्षो से अधिक समय के लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के पहाड़ों का निष्पादन बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी श्री सत्यनारायण चौहान द्वारा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचकर नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम वर्तमान बोर्ड का जब चुनाव हुआ था तब कॉलोनीवासियों से वादा किया गया था कि इस संपूर्ण पुराने कचरे को समाप्त किया जाएगा जिसे आज पूरा किया गया है, ट्रांसफर स्टेशन पर पुराने कचरे का ढेर तब से था जब वहां पर कॉलोनी नहीं हुआ करती थी कॉलोनी का निर्माण बाद में हुआ,



नगर निगम के अधिकारियों की मेहनत के परिणाम स्वरूप आज यहां पर वर्षों से जमे कचरे के ढेर को समाप्त किया गया शेष कचरे को भी एक माह के अंदर पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा। पुराने कचरे के निष्पादन हेतु बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत तीन चरणों में प्रोसेसिंग सतत रूप से जारी है जिसमें पहले चरण में मिट्टी को अलग किया जा रहा है दूसरे चरण में सीएंडडी वेस्ट को अलग किया जा रहा है इन दोनों का उपयोग प्लांट पर ही किया जाएगा जिसमें मिट्टी का उपयोग उद्यान के विकास के रूप में किया जाएगा एवं सीएंडडी वेस्ट से यहां स्थित प्लांट पर पेपर ब्लॉक बनाए जाएंगे साथ ही तृतीय चरण में आरडीएफ को अलग किया जा रहा है जिसे सीमेंट फैक्ट्री में ज्वलनशील पदार्थ के रूप में उपयोग किया जाएगा जिससे नगर निगम को आय भी प्राप्त होगी ।

महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा समस्त शहरवासियों से अपील की गई है कि उज्जैन शहर की जनता जिस प्रकार शहर की स्वच्छता को लेकर जागरूक है एवं सकारात्मक रहती है जिसके परिणाम स्वरुप हमारा उज्जैन सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान पर आया है हमें यह स्थान निरंतर बनाए रखना है इसीलिए घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखते हुए गीला एवं सूखा कचरा घर के बाहर आने वाली कचरा गाड़ी में देवें ताकि भविष्य में इस प्रकार का लिगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) ना तो निर्मित होगा ना ही रहवासियों को परेशानी होगी।

# मेले के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों में टेलीकॉम कंपनी 100 से अधिक टावर लगाएगी



### सिंहस्थ मेला क्षेत्र में 300 किमी की फायबर लाइन डलेगी:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रेलवे अधिकारियों के साथ सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। सिंहस्थ-2028 को लेकर उज्जैन में गुरुवार को आयोजित बैठक में मेला अधिकारी और उज्जैन कलेक्टर ने टेलीकॉम कंपनी और रेलवे के अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में सिंहस्थ के दौरान नेटवर्क प्लान में टावर साइट अपग्रेड और नए टावर लगाए जाने पर बात हुई। टेलीकॉम कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उनकी कार्ययोजना के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 300 किमी क्षेत्र में फाइबर डाला जाएगा। पहले से मौजूद इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी अपग्रेड करना होगा। जहां अधिक लोगों की आवाजाही रहेगी, वहां कवरेज के लिए लगभग 100 पोल साइट लगाए जाएंगे। मेला क्षेत्र, श्री महाकालेश्वर मंदिर, अन्य प्रमुख मंदिरों और उज्जैन आने वाले मुख्य मार्गों पर विशेष फोकस किया जाएगा।

# शिप्रा शुद्धिकरण के लिए पूर्व में किए गए कार्यों को समाहित कर नवीन कार्य योजना तैयार करें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर शिप्रा शुद्धिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर पूर्व में किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री सिंह ने गत वर्षों में शिप्रा शुद्धिकरण के लिए किए गए कार्यों को समाहित कर नवीन कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को वाटर क्वालिटी रिपोर्ट प्रत्येक माह में अनिवार्यत भेजने के निर्देश दिए। बैठक में सिंचाई विभाग ने जानकारी दी कि शिप्रा पर इंदौर,उज्जैन और देवास में बैराजों का निर्माण किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह को जिला पंचायत और नगर निगम के अधिकारियों ने विगत वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी दी।

## खबर एक नजर...

### नवनिर्मित मंदिर में विराजे श्री रणजीत हनुमान और शिव परिवार

**शाजापुर।** शहर के महूपुरा क्षेत्र में धर्म और आस्था का महाकुंभ सजा हुआ है। महूपुरा चौराहे पर स्थित श्रीरणजीत हनुमान मंदिर के नवनिर्माण के बाद प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीरणजीत हनुमान एवं शिव परिवार की विधि-विधान से स्थापना की गई है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह पांच दिवसीय पुनीत कार्य 8 दिसंबर 2025 सोमवार से प्रारंभ हुआ। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और आरती का दौर चला। वहीं हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर महाआरती के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे का समय सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक रखा गया है।

### सीईओ जिला पंचायत द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक ली

**उज्जैन।** गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली गई । बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा, आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन,निर्माण एवं सी एम हेल्पलाइन के विषयों पर समीक्षा की गई । बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यांत्रिकी एवं परियोजना अधिकारी जिला पंचायत समस्त उपस्थित रहे ।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई

**उज्जैन.** गत दिवस जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इकाई अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों में गति लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# हेलो सर! यह शेयर खरीद लो, आज रॉकेट बनेगा... मुनाफे का टिप देकर चल रही थी ठगी, साइबर सेल ने 13 युवतियां और 6 युवकों को लिया हिरासत में

### स्थानीय पुलिस सोती रही, उज्जैन टीम ने किया खेल खत्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



सर, मार्केट ऊपर जाने वाला है, हमारी कंपनी आपको ऐसे शेयर बताएगी जिससे आपका पैसा रातों-रात डबल हो जाएगा...। फोन पर ऐसी ही लुभावनी बातें और शेयर बाजार में अचूक मुनाफे का झांसा देकर लोगों की गाढ़ी कमाई ठगने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है। शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र में चल रहे इस फर्जी एडवाइजरी सेंटर पर गुरुवार को राज्य साइबर सेल, उज्जैन की टीम ने डीएसपी लीना मारोठ के नेतृत्व में बड़ी छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके से 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें 13 युवतियां और 6 युवक शामिल हैं।

पुलिस की अब तक की जांच में ठगी का जो तरीका सामने आया है, वह हैरान करने वाला है। यह गिरोह बकायदा एक कॉर्पोरेट ऑफिस की तरह काम कर रहा था। यहां काम करने वाली युवतियां देश भर के लोगों को रैंडम कॉल करती थीं। फोन पर ग्राहकों को कहा जाता था कि उनकी कंपनी के पास शेयर बाजार की इनसाइडर न्यूज है। वे दावा करते थे कि अगर आप हमारे बताए शेयर में पैसा लगाएंगे, तो नुकसान की गुंजाइश नहीं है।

हैरानी की बात यह है कि शहर के बीचों-बीच लालघाटी इलाके में इतना बड़ा कॉल सेंटर चल रहा था। दर्जनों कर्मचारी रोज आ-जा रहे थे, लेकिन स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। सूत्रों के मुताबिक, उज्जैन साइबर सेल को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शाजापुर से ठगी की जा रही है। मुखबिर की सूचना पुख्ता होने पर डीएसपी लीना मारोठ ने अपनी टीम के साथ गोपनीय तरीके से दबिश दी।

पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कस्टमर्स का डेटा बरामद किया है। आशंका है कि इन मोबाइलों में हजारों लोगों के नंबर और ट्रांजेक्शन की जानकारी छिपी है। हिरासत में लिए गए युवकों और युवतियों से साइबर सेल की टीम कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि अब तक कितनी ठगी हुई है। हालांकि पूछताछ में 7 से 8 लाख रुपए प्रति माह ठगी किए जाने की बात तो सामने आ रही है, लेकिन पुलिस जांच उपरांत ही स्पष्ट जानकारी की बात कह रही है। सायबर पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी साहिल मंसूरी और फईम खान हैं।

### इनका कहना है

हमें सूचना मिली थी कि शाजापुर में अवैध रूप से एडवाइजरी फर्म चलाकर लोगों को शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच दिया जा रहा है और ठगी की जा रही है। इसी आधार पर रेड की गई। 19 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच जारी है कि अब तक कितने लोगों से ठगी की गई है। **-लीना मारोठ, डीएसपी, राज्य साइबर सेल**

# मेंटर्स बच्चों के निपुणता लक्ष्य प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करें

### आदर्श मेंटरिंग के लिए बीएसी एवं जनशिक्षकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



मेंटर्स को बच्चों के निपुणता लक्ष्य प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ऋजु बाफना ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षक, मेंटर सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में आयोजित दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी मेंटर्स को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। साथ ही बच्चों की शिक्षा में सुधार लाएं। उक्त प्रशिक्षण में शाजापुर एवं मोहन बड़ोदिया विकासखंड के अकादमिक समन्वयक (बीएसी, सीएसी) शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रभावी मेंटर्स तैयार करना तथा उन्हें आदर्श मेंटरिंग के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान ने प्रतिभागियों से दो दिनों की सीख एवं समझ को जाना और सराहना की। दो दिवसीय प्रशिक्षण में भाषा शिक्षण पद्धति, सिद्धांत, विषयवस्तु समझ, शिक्षक संदर्शिका एवं विद्यार्थियों की वर्कबुक के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मेंटरिंग कौशल को मजबूत करने के लिए व्यवहारिक सत्र आयोजित किए गए। दूसरे दिन गणित के चार ब्लॉक, ईएलपीएस प्रक्रिया, सहायक सामग्री की उपयोगिता तथा प्रभावी फीडबैक देने की प्रक्रिया पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शंखनाद, भव्य कलश यात्रा और नशा मुक्ति रैली से गूंजा शहर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर गायत्री महामंत्र के उच्चारण और नशा मुक्ति के जयघोष से गुरुवार सुबह गूंज उठा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य संरक्षण में स्थानीय श्रीराम स्मृति स्वास्थ्य उपवन (हर्बल गार्डन), गिरासिया घाट पर आयोजित होने वाले चार दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ एक भव्य कलश यात्रा और जन-जागरण रैली के साथ हुआ। इस दौरान शहर का माहौल पूरी तरह से धर्ममय नजर आया। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के उपलक्ष्य में निकाली गई यह मंगल कलश यात्रा स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ हुई।

यात्रा में पीले वस्त्र धारी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थीं, वहीं नशा मुक्ति के स्लोगन लिखी तख्तियां लिए युवा समाज को जागरूक कर रहे थे। यात्रा शहर के महूपुरा चौराहा, ओंकारेश्वर मंदिर चौराहा, धानमंडी, किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक, सोमवारिया गेट, सोमवारिया बाजार, मगरिया, लालपुरा, कुम्हार घाटी, रपट और बंशी टॉकीज चौराहा होते हुए हाट मैदान स्थित गिरासिया घाट पर संपन्न हुई।

नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के शुभारंभ पर क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने गायत्री शक्तिपीठ पर उपस्थित जनों को संबोधित कर आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी प्रदीप वैद्य ने बताया कि महायज्ञ को संपन्न कराने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से एक विशेष टोली शाजापुर पहुंची है। इसमें टोली नायक प्रज्ञा पाराशर, गायक किरण कुमार दशोन्दी, कर्मकांड विशेषज्ञ राधेश्याम पटेल व योगेश पटेल और तबला वादक कुलदीप पाटीदार शामिल हैं। 12 दिसंबर शुक्रवार को यज्ञ और कथा का विधिवत शुभारंभ होगा। प्रातः 8 बजे से देवपूजन, नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं निःशुल्क विविध संस्कार होंगे। दोपहर 2 से 5 बजे तक संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा होगी।

# मेरे क्वार्टर पर रात रुकना पड़ेगा...कहने वाले रंगीन मिजाज हेड कांस्टेबल को दो साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



खाकी वर्दी को शर्मसार कर देने वाला एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने रक्षक ही भक्षक वाली कहावत को सच साबित कर दिया है। इंसाफ की आस लेकर थाने की चौखट पर पहुंची एक मजबूर महिला की मदद करने के बजाय, प्रधान आरक्षक उसकी आबरू का सौदा करने लगा। न्यायालय ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपी पुलिसकर्मी को दोषी करार दिया और उसे दो साल की सजा से दंडित कर दिया।

जिला मीडिया सेल प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पीड़ित महिला अपनी बेटी को ससुराल वालों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत लेकर सुंदरसी थाने पहुंची थी। वहां उसकी मुलाकात तत्कालीन प्रधान आरक्षक बाबूलाल मालवीय से हुई। बाबूलाल ने महिला की मजबूरी का फायदा उठाया। उसने साहब बनकर महिला से उसका मोबाइल नंबर लिया और वादा किया कि वह उसका काम करवा देगा। आरोपी ने काम के बदले पहले महिला से 1000 रुपये ऐंठे। इसके बाद फोन कर 4000 रुपये की और मांग करने लगा। हद तो तब हो गई जब बाबूलाल फोन पर महिला से गंदी बातें करने लगा। वह दबाव बनाता था कि मुझसे मिलने आ जाओ, मैंने तुम्हारे लिए कमरा लिया है और सुंदरसी थाने पर मेरा क्वार्टर है, तुम्हे रात भी मेरे साथ रुकना पड़ेगा।

तत्कालीन पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी की पराकाष्ठा घटना दिनांक 09.10.2018 को देखने को मिली, जब शाजापुर के ट्रैफिक पॉइंट एटीएम के सामने आरोपी बाबूलाल एक वैन में बैठा था। जैसे ही पीड़िता ने कंडक्टर साइड से उसे पैसे दिए, इस खाकीधारी ने महिला का हाथ पकड़ लिया और उसे जबरदस्ती गाड़ी के अंदर खींचने की कोशिश की। जब महिला ने विरोध किया और अपना हाथ छुड़ाकर भागने लगी, तो आरोपी ने भीड़ के सामने उसे नंगी-नंगी गालियां देना शुरू कर दिया और झूमाझटकी की। शोर सुनकर भीड़ जमा हो गई और गनीमत रही कि मौके पर निर्भया मोबाइल वैन आ गई, जो दोनों को कोतवाली थाने ले गई। इसके बाद पुलिस ने अपने ही विभाग के इस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### अब जेल में कटेगी बुढ़ापे की रातें

मामले की सुनवाई न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शाजापुर के समक्ष हुई। शासन की ओर से पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ममता पाराशर ने आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत पेश किए। तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी बाबूलाल पिता कन्हैयालाल मालवीय निवासी कृष्णा कॉलोनी, शाजापुर को दोषी ठहराया और अलग-अलग धाराओं में दो साल की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया।

### जागरुकता कार्यक्रमों का अयोजन किया गया

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष श्री पी.सी. गुप्ता साहब के मार्गदर्शन में गत दिवस अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस्ङ के अवसर पर अवंतिका यूनिवर्सिटी संस्कार विद्यापीठ इंदौर रोड , भवानी माता मंदिर ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया, केन्द्रीय जेल भैरुगढ़ उज्जैन एवं सब जेल खाचरौद, महिदपुर, तराना, दिव्यांग स्कूल में विभिन्न कानूनी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह के अंतर्गत एम्ब्रायड्री एवं ब्लाक प्रिंट स्पर्धा आयोजित की गई

**उज्जैन।** राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह 2025 (8 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025) के उपलक्ष्य में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल से आए पत्र के परिपालनार्थ एवं प्रेरणा से ज़िला हाथकरघा कार्यालय उज्जैन द्वारा आज दिनांक 10 दिसंबर 2025 को एंब्रायडरी एवं ब्लॉक प्रिंट स्पर्धा आयोजित की गई। स्पर्धा का उद्देश्य हमारे हस्तशिल्प को संरक्षित करना, बढ़ावा देना एवं महिलाओं को प्रोत्साहन देना था। ये स्पधाएं उज्जैन में कार्यरत एन जी ओ स्वस्तिक हैंडीक्राफ्ट वूमन वेलफेयर एसोसिएशन समिति में आयोजित की गई। स्पधाओं में 25 महिलाओं ने भाग लिया। सभी महिलाओं ने उत्कृष्ट एंब्रायडरी एवं विविध डिजाइंस प्रस्तुत किए। सभी के डिजाइंस की थीम मध्य प्रदेश के वन्य प्राणी एवं मध्य प्रदेश के किले अर्थात महिलाओं ने मध्य प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को एंब्रायडरी में उतारा है। इन महिलाओं की इस कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए एंब्रायडरी स्पर्धा में 4 एवं ब्लॉक प्रिंट में 2 महिलाओं को प्रशंसा पत्र वितरित किए गए।

### स्काई डाइविंग गतिविधि का आयोजन 15 फरवरी तक किया जाएगा

**उज्जैन।** प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं उज्जैन में पर्यटन गतिविधियों में विविधता लाने के उद्देश्य से म.प्र.पर्यटन बोर्ड द्वारा विगत 04 वर्षों से स्काई डाइविंग गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में स्काई डाइविंग गतिविधि के 5वें संस्करण का शुभारंभ दताना एयरस्ट्रिप से आज किया जाएगा। स्काई डाइविंग गतिविधि का आयोजन 15,फरवरी 2026 तक किया जाएगा। स्काई डाइविंग गतिविधि के पाँच वें संस्करण 2025-26 का शुभारंभ आज प्रातः 11:00 बजे, स्थान दताना एयरस्ट्रिप से किया जाएंगा, शुभारंभ अवसर पर मध्य प्रदेश टूरिज्म द्वारा आपको एवं जिले के मीडिया एवं समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

### जिले को लगातार प्राप्त हो रहा है यूरिया एवं पर्याप्त मात्रा में है भण्डारण

**उज्जैन।** जिले में रबी मौसम की फसल बुआई का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले में रबी मौसम में मुख्य रूप से गेहूं की फसल लगाई जाती है। वर्तमान में गेहूं की फसल 30 से 35 दिन की अवस्था में है। किसान भाईयों के द्वारा गेहूं फसल में प्रथम सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। जिले में किसान भाईयों को उनकी मांग अनुसार उर्वरक सुगमता से उपलब्ध कराया जा रहा है। आज दिनांक को जिले में सेवा सहकारी समिति / निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर कुल 4323 मै.टन यूरिया 1346 मै.टन डी.ए.पी. 4280 मै. टन एन.पी.के. उपलब्ध है। जिले को मांग अनुसार निरंतर यूरिया उपलब्ध हो रहा है। दिनांक 09.12. 2025 को 2653 मै.टन यूरिया एवं आज दिनांक को 2675 मै.टन यूरिया की रैक जिले को प्राप्त हुई है। जिसे जिले के किसानों को वितरण करने हेतु संबंधित सेवा सहकारी समितियों / निजी उर्वरक विक्रेताओं को भेजी जा रही है।

जिले में गेहूं की फसल के अतिरिक्त उद्यानिकी फसलों में आलू, लहसून, प्याज एवं मटर मुख्य फसल है। रबी मौसम में फसलों की उर्वरकों की पूर्ति कलेक्टर के मार्गदर्शन/निगरानी में उपसंचालक कृषि की मॉनिटरिंग में किसानों को की जा रही है। किसान भाईयों से निवेदन है कि वो अपनी फसल की मांग अनुसार ही खाता धारक किसान अपनी नजदीकी सेवा सहकारी समिति एवं अन्य किसान अपनी नजदीकी उर्वरक विक्रय केन्द्रों से फसल की आवश्यकता अनुसार उर्वरक का क्रय करें और यूरिया का उपयोग अनुसंशित मात्रा में करें। सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि अपने अपने उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान पर उर्वरक दर एवं स्टॉफ का प्रदर्शन आवश्यक रूप से करें। साथ ही पॉस मशीन में उपलब्ध उर्वरक की मात्रा एवं भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक की मात्रा में भिन्नता न हो, उर्वरक विक्रय के समस्त रिकॉर्ड का संधारण रखे शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरकों का विक्रय करें।

# मेला अधिकारी और कलेक्टर ने रेल्वे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ सिंहस्थ की तैयारियों के संबंध में बैठक की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में रेल्वे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ सिंहस्थ की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए बनाए जाने वाले रेल्वे ओवरब्रिज की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि रेल्वे ओवर ब्रिज एलसी नं 23 उज्जैन नागदा रेल सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

रेल्वे ओवर ब्रिज एलसी नं 07 इंदौर-देवास-उज्जैन रेल सेक्शन विक्रम नगर प्रगतिरत है। फ्रीगंज के पुराने रेल्वे ओवरब्रिज के सामानांतर ब्रिज बनाए जाने की समीक्षा के दौरान अंडर पास में सुरक्षा के मानकों का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही केबल शिफ्टिंग और पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जानकारी दी गई कि कुल स्वीकृत 13 रेल्वे ब्रिज में से 07 ब्रिज पर काम प्रारंभ हो गया है।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने सेतू विभाग के अधिकारियों को रेल्वे विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सेतु विभाग के अंतर्गत बनाए जाने वाले ब्रिज की समीक्षा की गई। कमेड ब्रिज, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता, तपोभूमि से हामूखेड़ी मार्ग, नर्सिंग घाट पर ब्रिज का काम चल रहा है। सिद्धवट से अंगारेश्वर सब मर्सिबल ब्रिज की डिजाईन की स्वीकृति होना शेष है। इसे शीघ्र स्वीकृत करवाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा के दौरान मेला अधिकारी श्री सिंह ने हरिफाटक से लालपुल के सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने भू-अर्जन से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। एमपीआरडीसी को ओडी सर्वे का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सिंहस्थ के अंतर्गत नेटवर्क प्लान पर चर्चा की गई। इनमें सिंहस्थ के दौरान वर्तमान की टॉवर साइट को अपग्रेड करने, नए टॉवर लगाए जाने पर चर्चा की गई। टेलीकॉम कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उनकी कार्ययोजना के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 300 कि.मी. क्षेत्र का फाइबर डाला जाएंगा। पहले से उपस्थित इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना होगा। जहां पर अधिक लोगों का आवागमन क्षेत्र रहेंगा उसे कवर करने के लिए 100 के आस-पास पोल साईट लगाए जाएंगे। मेला क्षेत्र श्री महाकालेश्वर एवं अन्य प्रमुख मंदिर और उज्जैन आने वाले मुख्य मार्गों पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए हार्ड पाईप डाले जाने पर चर्चा की गई।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने कंपनियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए अस्थाई लोकेशन जहां भी स्थापित करने है उनकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। विधिवत प्रस्ताव बनाकर भेजे जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय ओएसडी श्री गोपाल डाड, रेल्वे विभाग के एडीआरएम और सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री के एल मीणा, अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा, रेल्वे रतलाम मंडल के संभागीय इंजीनियर श्री महेंद्र सिंह जाटव, बीएसएनएल एवं अन्य निजी टेलीकॉम कंपनियों के पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे

### विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा

क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत शतप्रतिश स्कीनिंग व एक्सरे करना सुनिश्चित करें। जिले में अकियाशील प्रसव केन्द्रों को क्रियाशील करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर प्रसव केन्द्र का संचालन प्रारंभ करें। जिले में ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु समन्वय रख ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित करे।

# जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक कल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विकास कार्यों, उपलब्धियों तथा आगामी कार्य योजनाओं पर व्यापक विचार-विमर्श हेतु जिला मुख्यालय पर जिला विकास सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके द्वारा की जाएगी।

समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं जबकि उपाध्यक्ष प्रभारी मंत्री श्रीमती उईके हैं। समिति में सांसद, जिले के सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, कलेक्टर तथा उद्योग, व्यापार, कृषि, समाज सेवा, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों से 20 प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

बैठक का उद्देश्य जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों एवं हितधारकों की आवश्यकताओं और सुझावों के आधार पर दीर्घकालीन विकास योजनाओं पर चर्चा करना है।

साथ ही शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव लेना, लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए रोडमैप तैयार करना, जिले में हो रहे नवाचारों को योजनाओं के रूप में लागू करने पर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही उद्योग-व्यापार, जल संरचना संरक्षण, निर्यात बढ़ावा, कृषि विकास, खनिज प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में जिले की रणनीतिक कार्ययोजना पर भी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया बोरी बंधान

**खण्डवा।** जिले में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में ह्यह्यमिशन अमृत संचयह्यह्य अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को खालवा विकासखण्ड में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम पंचायत रायपुर में पाटाखाली नाले पर श्रम दान कर बोरी बंधान बनाया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव अटल ज्योति संदेश यात्रा कार्यक्रम में हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हिमालय के सामान विराट व्यक्तित्व के धनी थे, पूरी दुनिया में उनका एक अलग ही सम्मान है। आज आंध्र प्रदेश में उनके जन्म शताब्दी वर्ष में 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा की शुरूआत हुई है। यह यात्रा आंध्र प्रदेश के 20 जिलों तक पहुंचेगी और 25 दिसंबर को अटलजी की जयंती के अवसर पर इस यात्रा का समापन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंध्र प्रदेश के सत्य साईं जिले के धर्मावरम में अटलजी की प्रतिमा का अनावरण भी हुआ है। अटल जी का जन्म 25 दिसंबर 1923 को ग्वालियर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उन्होंने देश-दुनिया में अपनी प्रतिभा के बल पर नाम कमाया। वे भाषा से, भाषण से और व्यक्तित्व से गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ अटलजी के घनिष्ठ संबंध रहे। उनके कार्यकाल में ही श्री नायडू एनडीए के प्रेसिडेंट बने थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को धर्मावरम में अटल ज्योति संदेश यात्रा में सहभागिता की एवं अटलजी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर देश की जनता की सेवा, पोखरण में परमाणु परीक्षण, पाकिस्तान को सबक सिखाने और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सौगात देने का संकल्प लिया। आज धानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटलजी के बताए मार्ग पर देश की सरकार चल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायडू की दोस्ती पक्की है। श्री चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में एनडीए सरकार में मुख्यमंत्री हैं। वे आंध्र प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। एनडीए ने भगवान श्रीकृष्ण के वंशज को मध्यप्रदेश की कमान सौंपी है। आंध्र प्रदेश में श्री नायडू ने सत्या जी को आगे बढ़ाया है। यही सबका साथ सबका विकास का संकल्प है। जनता के चेहरे के भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश दो बिछड़े भाइयों के समान हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज, सागर माला, भारत माला, स्टैंडअप इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाएं दी हैं। आज हम प्रधाममंत्री श्री मोदी और श्री नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश और देश को आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री टीवीएन माधव को अटल ज्योति संदेश यात्रा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अटल ज्योति संदेश यात्रा के माध्यम से आंध्र प्रदेश की जनता को अटलजी के जीवन के विविध पहलुओं से परिचित होने का सुअवसर मिलेगा।

### कमिश्नर डॉ. खाड़े ने जनपद एवं जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा

सम्भागायुक्त इन्दौर सम्भाग डॉ. सुदाम खाड़े ने बुधवार को जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत कार्यालय खण्डवा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए जल कर एवं सम्पत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत निर्धारित मेनू का पालन आवश्यक रूप से किया जाए। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कमिश्नर डॉ. खाड़े ने निरीक्षण के दौरान रोजगार गारंटी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बंध में भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि इन योजनाओं से सम्बंधित निर्माण कार्यों में गति लाएं और उनकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें।

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि अबरार पिता सत्तारखों, साईन पिता सत्तार स्वों, तमन्ना बी पति सत्तार खॉ सर्व जाति पिंजाय, सर्व निवासी शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ़ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 403/4 रकबा 0.110, 411/1 रकबा 0.060, 466/5 रकबा 0.180 कुल किता 03 कुल रकबा 0.350 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि क्रय करने का सोदा कर बयाना की राशि भी विक्रेता को अदा कर दी गई है उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा क्रय कि जा रही है किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपप्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का विक्रय पत्र विधिवत पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो ।

इति दिनाक 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड, सुसनेर**

# तान्या मित्तल ने साड़ियों की नहीं की पेमेंट



## रेखा को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिला अवॉर्ड

### सिनेमा में योगदान के लिए एक्ट्रेस को किया गया सम्मानित

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रेखा को सऊदी अरब के जेद्दा में हुए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ऑनरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सिनेमा में उनके लंबे योगदान के लिए दिया गया।

रेखा 7 दिसंबर को फेस्टिवल में शामिल हुईं। इस मौके पर उनकी 1981 में रिलीज हुई मशहूर फिल्म उमराव जान की स्क्रीनिंग रखी गई। यह फिल्म फेस्टिवल के ट्रेजर्स स्ट्रैंड सेक्शन में दिखाई गई। यह सेक्शन उन फिल्मों के लिए बनाया गया है जिन्हें दोबारा रिस्टोर कर दिखाया जाता है। इन फिल्मों ने सिनेमा के इतिहास में अपनी खास पहचान बनाई है।

स्क्रीनिंग के दौरान हॉल में भारी भीड़ थी। दर्शकों, मीडिया और अंतरराष्ट्रीय फिल्म जगत के लोगों ने रेखा का स्वागत किया। फिल्म के डायरेक्टर मुजफ्फर अली भी इस मौके पर मौजूद थे। वहीं संगीतकार खय्याम के परिवार को भी याद किया गया। कार्यक्रम में रेखा ने कहा, मैं ज्यादा बोलने वाली नहीं हूं। उमराव जान के डायलॉग्स ने भी वही कहा जो मेरी आंखें महसूस करती थीं। मेरी मां हमेशा कहती थीं कि अपनी उपलब्धियों के बारे में बात मत करो, बस ऐसा जीवन जियो जिससे लोग सीखें। मैंने वही सीखा कि क्या नहीं करना चाहिए। इसलिए मैंने यह मौका नहीं छोड़ा और इस फेस्टिवल में आई। रेखा ने आगे कहा, हर बात से ज्यादा असर खामोशी में होता है। आज मैं अपने फैंस, दोस्तों और परिवार के लिए इस पल को समर्पित करती हूं। बातों से नहीं, सिर्फ इश्क से सब होता है वो भी खामोश इश्क।

फेस्टिवल के आर्टिस्टिक डायरेक्टर फिन हॉलिगन ने रेखा को लेकर कहा, रेखा सिर्फ भारतीय सिनेमा की नहीं हैं, बल्कि उसकी पहचान हैं। उन्होंने अपने करियर में कई बार खुद को नए रूप में पेश किया। खून भरी मांग, मुकद्दर का सिकंदर, इजाजत, खूबसूरत, लज्जा और जुबैदा जैसी फिल्मों से उन्होंने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेखा की आवाज, एक्सप्रेशन और डेडिकेशन ने उन्हें ऐसा आइकॉन बना दिया है जो एक्टिंग की लिविंग लीजेंड हैं। फेस्टिवल का ट्रेजर्स स्ट्रैंड सेक्शन उन फिल्मों के लिए है जो सिनेमा इतिहास में खास जगह रखती हैं।



**इन्फ्लुएंसर की डिजाइनर का आरोप, बोलीं- लंबे समय से मेहनत कर रही हूं, मुझे बेवकूफ समझा है?**





बिग बॉस 19 में तान्या मित्तल शो के दौरान खूब चर्चा में रही थीं। अब वह फिर से चर्चा में हैं, लेकिन इस बार कारण कोई शो नहीं बल्कि उनकी स्टाइलिश रिद्धिमा शर्मा का एक पोस्ट है, जिसमें उन्होंने तान्या पर साड़ियों की पेमेंट न करने का आरोप लगाया है।

दरअसल, रिद्धिमा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, मैंने हमेशा तान्या मित्तल का सपोर्ट किया है। दर्शक जानते हैं कि मैं ही उनकी स्टाइलिंग करती हूं। उन्होंने मुझसे बात तक नहीं की है और फोन पर यह कहने के बावजूद कि उन्हें आउटफिट बहुत पसंद आया, मुझे अभी तक उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला है। मैंने उन्हें एक तोहफा और एक लेटर भी भेजा, लेकिन थैंक्यू तक नहीं।

मैं आउटफिट भेज रही हूं, पोर्टर का खर्च भी दे रही हूं और अब टीम मुझसे कह रही है कि अगर साड़ी आज नहीं पहुंची, तो मुझे मेरी फीस बिल्कुल नहीं मिलेगी। मैं इतने लंबे समय से मेहनत कर रही हूं क्या मैं बेवकूफ हूं? वाह! ब्रांड्स को अभी तक रिटर्न नहीं मिले हैं और मैं पूरे एक हफ्ते से फॉलोअप करते-करते थक गई हूं। मैं तान्या की टीम से अनुरोध करती हूं कि कृपया मेरे पैसे दे दें।

रिद्धिमा ने आगे लिखा, दूसरी बात मैंने हर इंटरव्यू में हमेशा उनका साथ दिया है। मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि ऐसा होगा। इवेंट से एक घंटा पहले तक मैं सब कुछ ठीक करने की कोशिश कर रही थी, फिर भी मेरे साथ ऐसा बर्ताव किया जा रहा है। और तान्या की टीम की एक लड़की ने मुझे मैसेज किया मेरे पास सबूत है कि अगर मैं आज की साड़ी का इंतजाम नहीं कर पाई, तो वे मेरा पेमेंट नहीं करेंगे। मैं आपसे बहुत विनम्रता से अनुरोध करती हूं - कृपया पेमेंट कर दीजिए। बता दें, तान्या मित्तल बिग बॉस 19 में न सिर्फ अपनी बातों को लेकर बल्कि अपनी साड़ियों को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही थीं। उन्होंने दावा किया था कि वह शो में 800 साड़ी लेकर आई हैं।



**रशियन फिल्म फेस्टिवल 2025**

## रूसी एक्टर किरील कुजनियतसोव को रणबीर कपूर से लगता है डर

नई दिल्ली में रशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 का आयोजन 2 दिसंबर से 7 दिसंबर तक किया गया। शनिवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पीवीआर प्लाजा में रूसी अभिनेता किरिल कुजनियतसोव अपनी फिल्म अगस्त की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय अभिनेत्री आलिया भट्ट बहुत पसंद हैं।

**आलिया भट्ट को बताया फेवरेट एक्ट्रेस**

दरअसल, मीडिया से बातचीत के दौरान जब किरिल कुजनियतसोव से पूछा गया कि उन्हें भारतीय फिल्में कैसी लगती हैं और उनकी पसंदीदा भारतीय एक्ट्रेस कौन है। तो उन्होंने जवाब में आलिया भट्ट का नाम लिया। उन्होंने कहा, आलिया उनकी फेवरेट एक्ट्रेस हैं, क्योंकि उन्हें गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी एक्टिंग काफी शानदार लगी थी। वह बहुत कमाल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने आगे कहा कि आलिया भट्ट के साथ काम करना उनके लिए एक सपना जैसा होगा। हालांकि, एक्टर ने आगे मजाक में कहा कि वह आलिया के साथ काम करना तो चाहते हैं, लेकिन उन्हें रणबीर कपूर से थोड़ा डर लगता है, क्योंकि एनिमल जैसी फिल्मों में रणबीर बहुत तीव्र और डराने वाले लगते हैं।

कुजनियतसोव ने कहा कि भारतीय और रूसी कलाकार अब पहले से ज्यादा साथ काम कर रहे हैं। रूसी फिल्म फेस्टिवल जैसे कार्यक्रम दोनों देशों को करीब लाते हैं और नए प्रोजेक्ट्स पर साथ काम करने के मौके बढ़ाते हैं। वहीं, दूसरी ओर रूसी फिल्म फेस्टिवल 2025 के उद्घाटन समारोह में भारत और रूस के बीच मीडिया सहयोग को नई दिशा देने वाला एक बड़ा कदम उठाया गया। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी गैजप्रॉम-मीडिया होल्डिंग खरउ के सीईओ अलेक्जेंडर झारोव ने एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान गौरव द्विवेदी ने कहा कि इस साझेदारी से भारत और रूस के बीच कई नए अवसर खुलेंगे। इसमें दोनों देशों के बीच फिल्म और टीवी शो का आदान-प्रदान, साझा प्रोडक्शन, प्रतिभाओं का विकास, प्रसारण में सहयोग और लंबे समय तक रचनात्मक काम करने के रास्ते शामिल हैं। उनका मानना है कि यह समझौता दोनों देशों के मीडिया और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत बनाएगा।

# सलमान की कंपनी 10,000 करोड़ की मेगा टाउनशिप बनाएगी

**जहां होगा गोल्फ कोर्स और मॉडर्न फिल्म स्टूडियो, तेलंगाना सरकार के साथ एमओयू साइन**



सलमान खान वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड ने तेलंगाना सरकार के साथ एमओयू साइन करने के बाद 10,000 करोड़ रुपए के इंटीग्रेटेड टाउनशिप की योजना का ऐलान किया है। यह प्रोजेक्ट हैदराबाद में 500 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसमें रहने, बिजनेस, एंटरटेनमेंट और खेल की सभी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी। यह एमओयू तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के दौरान हुआ।

हाल में सलमान खान भी तेलंगाना पहुंचे थे। सलमान खान हैदराबाद में इंडियन सुपर क्रॉस रेसिंग लीग इवेंट में शामिल हुए।

एसकेवी के मुताबिक, इस टाउनशिप में ऑफिस और दुकानें साथ होंगी। इसके अलावा ब्रांडेड रेसिडेंस, लग्जरी होटल, हाई-एंड रिटेल जोन और बड़ा एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स भी होगा। प्रोजेक्ट में खेल और मनोरंजन की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जाएगा। इसमें चैम्पियनशिप लेवल का गोल्फ कोर्स, रेस कोर्स, शूटिंग रेंज और कई इंटरनेशनल लेवल की स्पोर्ट्स फैसिलिटीज शामिल होंगी।

इसके साथ ही एक मॉडर्न फिल्म स्टूडियो भी बनाया जाएगा। इससे तेलंगाना को मीडिया और एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन का बड़ा सेंटर बनाने में मदद मिलेगी। यह प्रोजेक्ट एक वर्ल्ड-क्लास डेस्टिनेशन के रूप में देखा जा रहा है। इससे राज्य में रोजगार के मौके बढ़ेंगे, टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और शहरी विकास के लक्ष्यों को भी मजबूती मिलेगी।

**बैटल ऑफ गलवान में नजर आएंगे सलमान-** सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म सिकंदर में देखा गया था। अब वो जल्द ही डायरेक्टर अपूर्व लाखिया की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में नजर आएंगे। बैटल ऑफ गलवान 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है। जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी। ये जंग 15,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ी गई थी।

इसमें सलमान के अपोजिट अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। साथ ही फिल्म में कई नए चेहरे भी दिखेंगे। फिल्म में सलमान कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया देंगे।

## साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में भारत को 51 रन से हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली

# बुमराह को पहली बार टी-20 इनिंग में 4 सिक्स लगे

### अर्शदीप ने 13 बॉल का ओवर फेंका, भारत की घर में सबसे बड़ी हार


**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ न्यू चंडीगढ़

टीम इंडिया मुल्लांपुर स्टेडियम में अपना पहला इंटरनेशनल मैच हार गई। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में भारत को 51 रन से हराकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। प्रोटियाज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच में कई बड़े रिकॉर्ड और दिलचस्प मोमेंट्स देखने को मिले। भारत को घर पर रनों के हिसाब से सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। जसप्रीत बुमराह को अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार एक इनिंग में 4 छक्के लगे।

अर्शदीप सिंह ने एक ओवर में 7 वाइड डाल दीं, जिसके कारण उनका ओवर 13 गेंदों का हो गया। वहीं तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में कुल 27 छक्के लगाकर भारतीय बल्लेबाजों में टॉप स्थान हासिल कर लिया।

- **भारत की टी-20 में घर पर सबसे बड़ी हार-** भारत को घरेलू मैदान पर सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। इससे पहले इंदौर में 4 अक्टूबर 2022 को भी भारत को साउथ अफ्रीका ने 49 रन से हराया था।





- **तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 27 सिक्स लगाए-** तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20फर्स्ट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 27 छक्के लगाकर पहला स्थान हासिल किया। उनके बाद दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 25 छक्के लगाए हैं। तीसरे नंबर पर संजू सैमसन हैं, जिनके नाम 19 छक्के दर्ज हैं।
- **बुमराह को एक टी-20 पारी में 4 सिक्स लगे-** जसप्रीत बुमराह को अपने ळ20क करियर में पहली बार एक ही पारी में चार छक्के पड़ गए। यह उनका 82वां टी-20 इंटरनेशनल मैच था। इससे पहले किसी भी मैच में उन्हें तीन से ज्यादा छक्के नहीं लगे थे। उनका पिछला सबसे खराब रिकॉर्ड 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ था, तब उन्हें तीन छक्के पड़े थे।
- **अर्शदीप ने 13 बॉल का ओवर फेंका-** अर्शदीप सिंह ने 13 गेंदों का ओवर फेंककर एक अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। फुल मेंबर देशों के मैचों में यह अब तक का सबसे लंबा ओवर रहा। साउथ अफ्रीका की पारी का 11वां ओवर करते हुए अर्शदीप ने 7 वाइड फेंक दीं, जिसकी वजह से ओवर 13 गेंदों तक खिंच गया। इससे पहले ऐसा रिकॉर्ड 2024 में बना था, जब अफगानिस्तान के नवीन-उल-हक ने हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ 13 गेंदों का ओवर डाला था।
- **भारतीय बॉलर्स ने 16 वाइड बॉल फेंकी-** भारत ने गुरुवार को 16 वाइड गेंदें फेंकीं, जो ळ20कइतिहास में टीम का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने 2009 में मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ 17 वाइड फेंकी थीं, जो अब भी लिस्ट में सबसे ऊपर है। 2018 में चेन्नई में वेस्टइंडीज के खिलाफ भी भारत ने 16 वाइड डाली थीं। वहीं 2007 में डरबन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच में भारतीय गेंदबाजों ने 15 वाइड फेंकी थीं।
- **डी कॉक ने 5वीं बार भारत के खिलाफ 50+ स्कोर बनाया-** क्विंटन डी कॉक ने भारत के खिलाफ फिर दमदार बल्लेबाजी करते हुए टी-20 में अपना पांचवां 50+ स्कोर बनाया। भारत के खिलाफ इतनी बार 50+ लगाने वाले अन्य खिलाड़ियों में निकोलस पूरन और जोस बटलर भी शामिल हैं, लेकिन फर्क यह है कि पूरन को यह करने में 20 इनिंग्स लगीं और बटलर को 24 इनिंग्स। वहीं डी कॉक ने सिर्फ 12 इनिंग्स में ही यह रिकॉर्ड छू लिया, यानी सबसे तेजी से भारत के खिलाफ 5 बार 50+ स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।
- **साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ ळ20कमें अपने दूसरे सबसे ज्यादा छक्के लगाए-** साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ इस मैच में 15 छक्के लगाकर ळ20कमें अपने दूसरे सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले उनका सबसे बड़ा प्रदर्शन 2022 में इंदौर में आया था, तब टीम ने एक ही पारी में 16 छक्के जड़े थे।
- **शुभमन गिल पहली बॉल पर जीरो पर आउट-** 214 रन के लक्ष्य का पीछा करती भारतीय टीम ने पहले ही ओवर में विकेट खो दिया। शुभमन गिल अपनी पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए। लुंगी एनगिडी की बाहर जाती गुड लेंथ गेंद को उन्होंने स्लिप की दिशा में खेल दिया, जहां रीजा हेंड्रिक्स ने आसान कैच पकड़ लिया।
- **सूर्या रिव्यू पर आउट-** चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। मार्को यानसन की गेंद पर उन्होंने विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के हाथों कैच दिया। अंपायर ने शुरूआत में नॉट आउट दिया था, लेकिन साउथ अफ्रीका ने रिव्यू लिया और रिप्ले में हल्का सा किनारा दिखने पर सूर्या को पवेलियन लौटना पड़ा।
- **तिलक की सिक्स से फिफ्टी-** 14वें ओवर में तिलक वर्मा ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने लुंगी एनगिडी की तीसरी गेंद पर डीप मिडविकेट की दिशा में छक्का लगाकर 50 रन पूरे किए।

# कोहली 2025 में भारत के टॉप वनडे स्कोरर



### टेस्ट में शुभमन, टी-20 में अभिषेक ने सबसे ज्यादा रन बनाए, कुलदीप गेंदबाजों में नंबर-1

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

टीम इंडिया की 2025 में आखिरी क्रिकेट सीरीज आज से शुरू होने जा रही है। टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ साल की आखिरी सीरीज खेलने के बाद टीम अब इसी टीम के खिलाफ टी-20 में भी आखिरी सीरीज खेलेगी। सीरीज 19 दिसंबर तक चलेगी।

2025 में शुभमन गिल ने भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाए। वहीं विराट कोहली वनडे के टॉप स्कोरर रहे। गेंदबाजों में कुलदीप ने तीनों फॉर्मेट में देश के लिए सबसे ज्यादा विकेट निकाले। अब टी-20 सीरीज में अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती के पास देश के टॉप प्लेयर बनकर साल खत्म करने का मौका है। भारत के लिए टेस्ट और टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके विराट कोहली ने इस साल वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी सीरीज में वे प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में उन्होंने पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 अहम पारियां भी खेलीं। कोहली ने दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित शर्मा से महज 1 रन ज्यादा बनाया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी वनडे में रोहित ने 75 रन बनाए। जबकि कोहली ने 65 रन बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। वनडे में ओवरऑल इंग्लैंड के जो रूट ने सबसे ज्यादा 808 रन बनाए। कोहली दुनिया में 8वें नंबर पर रहे।

# पैपराजी पर भड़के हार्दिक पंड्या

### गर्लफ्रेंड माहिका की गलत एंगल से फोटो खींचे जाने पर क्रिकेटर बोले- जो हुआ वह बिल्कुल गलत था



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ शिमला

टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा की तस्वीरों को लेकर नाराजगी जताई है।

दरअसल, कुछ पैपराजी ने माहिका की फोटो गलत एंगल से क्लिक की, जब वह मुंबई के बांद्रा इलाके में एक रेस्टोरेंट की सीढ़ियों से नीचे उतर रही थीं। हार्दिक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट लिखकर कहा, मैं समझता हूं कि पब्लिक फिगर होने का मतलब है कि लोगों का ध्यान मुझ पर रहेगा और मेरी हरकतों पर नजर रखी जाएगी। यह मेरे काम और मेरी जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन आज जो हुआ, वह बिल्कुल गलत था। माहिका बस सीढ़ियों से उतर रही थी, तभी कुछ फोटोग्राफर्स ने गलत एंगल से उसकी फोटो खींची। किसी भी महिला की तस्वीर इस तरह से नहीं लेनी चाहिए। यह एक प्राइवेट मोमेंट था, जिसे सस्ती पब्लिसिटी बना दिया गया।

हार्दिक ने मीडिया और फोटोग्राफर्स से महिलाओं के प्रति ज्यादा सम्मान दिखाने की अपील की। उन्होंने कहा, यह बात सिर्फ खबर बनाने या पहले फोटो लेने की नहीं है, बात है बेसिक रिस्पेक्ट की। हर औरत को इज्जत और मयार्दा मिलनी चाहिए। सबके अपने लिमिट्स होते हैं। मैं मीडिया के काम की इज्जत करता हूं और जानता हूं कि वे मेहनत से काम करते हैं, लेकिन मेरी गुजारिश है कि थोड़ा ध्यान रखें और सम्मान दिखाएं। हर चीज को कैमरे में कैद करने की जरूरत नहीं होती। हर एंगल फोटो के लायक नहीं होता। इस काम में इंसानियत भी जरूरी है।

हार्दिक ने अपनी पोस्ट के अंत में मीडिया का शुक्रिया अदा किया और कहा कि तस्वीर खींचने से पहले थोड़ा सोच लिया करें। हार्दिक और माहिका का रिश्ता इस साल अक्टूबर में पब्लिक हुआ है। कुछ महीने पहले दोनों के रिलेशनशिप की चर्चा सोशल मीडिया पर शुरू हुई थी। इसके बाद हार्दिक ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। एक फोटो में दोनों स्विमिंग पूल में नजर आए।

### साउथ अफ्रिका 20 सीजन-4 के लिए कमेंट्री टीम का ऐलान



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

एसए20 लीग ने सीजन-4 के लिए अपनी कमेंट्री टीम का ऐलान कर दिया है। इस ऑलस्टार लाइनअप में भारत के अनुभवी बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा, दुनिया के शानदार तेज गेंदबाजों में से एक डेल स्टेन, और इंग्लैंड की वर्ल्ड कप जीत के हीरो इयोन मॉर्गन को शामिल किया गया है। भारत में फैंस जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर 26 दिसंबर से एसए20 सीजन-4 के सभी मुकाबले लाइव देख सकेंगे। इंटरनेशनल कमेंट्री टीम में केविन पीटरसन और मार्क निकोलस जैसे नाम भी शामिल हैं। वहीं सुपरस्टार्स एबी डिविलियर्स, जेपी डुमिनी, एशवेल प्रिंस, क्रिस मॉरिस और वर्नोन फिलेंडर भी हैं। 26 दिसंबर से शुरू होगी लीग साउथ अफ्रीका की फ्रेंचाइजी लीग एसए20 के चौथे सीजन की शुरूआत 26 दिसंबर से होगी। डिफेंडिंग चैंपियन टककेपटाउन और डरबन सुपर जायंट्स के बीच केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में पहला मैच खेला जाएगा। जबकि लीग का फाइनल 25 जनवरी को केपटाउन में ही होगा। टूर्नामेंट के प्लेऑफ 4 वेन्यू पर होंगे ग्रुप स्टेज के बाद टॉप-2 टीमें क्वालिफायर-1 खेलेंगी। इस मैच को जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/–
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### अमेजन करेगा भारत में

## 3.14 लाख करोड़ रुपये का निवेश




### 2030 तक 10 लाख नौकरियां पैदा करने का दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेजन ने भारत में 2030 तक लगभग 3.14 लाख करोड़ निवेश करने की घोषणा की है। यह निवेश सभी बिजनेस सेगमेंट में किया जाएगा और इसका मुख्य फोकस एआई आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात बढ़ाना और रोजगार सृजन होगा। कंपनी के अनुसार, भारत से अमेजन का निर्यात 20 अरब डॉलर से बढ़ाकर 80 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में अपने सभी बिजनेस सेगमेंट में 2030 तक 35 अरब डॉलर यानी लगभग 3.14 लाख करोड़ के भारी निवेश की योजना बना रही है। यह घोषणा कंपनी के अमेजन संभव शिखर सम्मेलन के दौरान की गई। अमेजन के उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि कंपनी भारत में एआई आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात में तेजी और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस करेगी। अग्रवाल के अनुसार, अमेजन का लक्ष्य है कि भारत से अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले निर्यात को वर्तमान 20 अरब डॉलर से बढ़ाकर 80 अरब डॉलर तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही कंपनी 2030 तक 10 लाख अतिरिक्त नौकरियां बनाने का लक्ष्य भी रखती है, जिसमें प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, मौसमी और प्रेरित रोजगार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अमेजन ने 2010 से अब तक भारत में 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों से संकलित कीस्टोन की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह भारत में सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है।

### सख्त कार्रवाई शुरू : दो की तैनाती एयरलाइन दफ्तर में, हवाई अड्डों पर भी नजर

# डीजीसीए ने आठ लोगों का निगरानी दल बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो में हाल ही में उड़ानों के लगातार रद्द होने और संचालन में अव्यवस्था को देखते हुए डीजीसीए ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। विमानन नियामक ने इस स्थिति पर नियंत्रण के लिए आठ सदस्यीय विशेष निगरानी टीम बनाई है।

देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो में हालिया उड़ान रद्दीकरण और परिचालन गड़बड़ी के बाद डीजीसीए ने बड़ा कदम उठाया है। नियामक ने एक आठ सदस्यीय विशेष निगरानी दल गठित की है। इस टीम के दो अधिकारी सीधे एयरलाइन के कॉर्पोरेट ऑफिस में तैनात किए जाएंगे, जो एयरलाइन के रोजमर्रा के कार्य-कलापों की पैनी निगरानी रखेंगे। डीजीसीए के अधिकारी देश के 11 हवाई अड्डों पर भी एयरलाइन का संचालन करेंगे।

विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी अगले दो-तीन दिनों में 11 घरेलू हवाई अड्डों पर जाकर निरीक्षण करेंगे ताकि बड़े पैमाने पर व्यवधानों के बीच इंडिगो के संचालन के विभिन्न पहलुओं का आकलन किया जा सके। बुधवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। इन 11 हवाई अड्डों में नागपुर, जयपुर, भोपाल, सूरत, तिरुपति, विजयवाड़ा, शिरडी, कोचीन, लखनऊ, अमृतसर और देहरादून शामिल हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने आदेश में कहा है कि सभी नियुक्त अधिकारी अगले 2-3 दिनों के भीतर अपने-अपने हवाई अड्डों का दौरा करेंगे।

आदेश में कहा गया है कि इन अधिकारियों को अपनी यात्रा के 24 घंटों के भीतर नई दिल्ली स्थित नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के उड़ान सुरक्षा विभाग के संचालन निदेशक को एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

₹देश भर के विभिन्न हवाई अड्डों पर इंडिगो एयरलाइंस के संचालन में बड़े पैमाने पर व्यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा को देखते हुए, यह निर्णय लिया गया है कि डीजीसीए के अधिकारी 11 हवाई अड्डों पर तत्काल मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे,₹ डीजीसीए के आदेश में कहा गया है। डीजीसीए ने कहा कि इन निरीक्षणों का उद्देश्य मौजूदा व्यवधान के दौरान सुरक्षा, परिचालन तत्परता, यात्री सुविधा उपायों और एयरलाइन की प्रतिक्रिया का आकलन करना है।

अधिकारियों ने कहा कि वे परिचालन और सुरक्षा पहलुओं, उड़ान में देरी और रद्द होने की स्थिति, टर्मिनल क्षेत्रों में भीड़भाड़, चेक-इन, सुरक्षा और बोर्डिंग गेट पर कतार प्रबंधन और एयरलाइन और हवाई अड्डे के परिचालन कर्मचारियों की पर्याप्तता की जांच करेंगे। इसमें एयरलाइन हेल्प डेस्क पर 24७7 आधार पर कर्मचारियों की तैनाती, देरी, रद्द होने और वैकल्पिक व्यवस्थाओं के संबंध में यात्रियों को जानकारी प्रदान करने की जांच के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सहायता और इंडिगो कर्मचारियों द्वारा संचालित समर्पित हेल्प डेस्क पर अतिरिक्त जांच भी शामिल होगी।

### दो सदस्य करेंगे एयरलाइन के कार्य-कलापों की निगरानी

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा बुधवार को जारी एक आदेश के अनुसार, निरीक्षण दल में एक उप मुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक, वरिष्ठ एफओआई (उड़ान संचालन निरीक्षक) और दो एफओआई शामिल होंगे।
- इनमें से दो सदस्यों को प्रतिदिन एयरलाइन के कॉर्पोरेट कार्यालय में तैनात किया जाएगा, और उन्हें एयरलाइन के कुल बेड़े, औसत चरण लंबाई (एक उड़ान में विमान द्वारा तय की गई दूरी), पायलटों की कुल संख्या, नेटवर्क विवरण, चालक दल का उपयोग घंटों में, और प्रशिक्षण के तहत चालक दल आदि की जांच करने का दायित्व सौंपा गया है।
- डीजीसीए के आदेश में कहा गया है कि निगरानी दल के ये दो सदस्य प्रतिदिन की उड़ानों, प्रतिदिन की अनियोजित छुट्टियों, चालक दल की कमी के कारण प्रभावित क्षेत्रों की कुल संख्या, साथ ही प्रति बेस प्रतिदिन स्टैंडबाय पर रहने वाले कॉकपिट और केबिन क्रू की संख्या पर भी नजर रखेंगे।
- इसके अलावा, आदेश में कहा गया है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने की स्थिति, धन वापसी की स्थिति, समय पर प्रदर्शन, नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के अनुसार यात्रियों को मुआवजा और सामान वापसी की निगरानी के लिए डीजीसीए कार्यालय से दो और अधिकारियों – एक वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी और एक उप निदेशक को भी इंडिगो के कॉर्पोरेट कार्यालय में तैनात किया जाएगा। दोनों टीमें संयुक्त महानिदेशक (प्रशासन) हरीश कुमार वशिष्ठ और संयुक्त महानिदेशक जय प्रकाश पांडे को शाम 6 बजे तक दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।
- पायलटों और अन्य कर्मचारियों के लिए आराम की अवधि बढ़ाने की अनुमति देने वाले नए क्रू रोस्टरिंग नियम के लागू होने के बाद से इंडिगो को एक सप्ताह से अधिक समय से परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप सैकड़ों उड़ानें रद्द और विलंबित हुई हैं।

### म्यूचुअल फंड और

## डीमैट खातों के लिए नामांकन प्रक्रिया की तिथि टली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सेबी ने बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने और लावारिस संपत्तियों को कम करने के लिए जनवरी में म्यूचुअल फंड फोलियो एवं डीमैट खातों के लिए नामांकन प्रक्रिया को संशोधित करने के लिए निर्देश जारी किए थे। फरवरी में इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करना था। हालांकि, डिपॉजिटरी और उद्योग निकायों ने फिर से परिचालन संबंधी चुनौतियां बताईं।इसलिए 15 दिसंबर की तारीख को टाल दिया गया है बाजार नियामक सेबी ने प्रतिभूति बाजार के लिए नामांकन ढांचे के तीसरे चरण के कार्यान्वयन को स्थगित कर दिया है। यह पहले 15 दिसंबर से प्रभावी होने वाला था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा, नई तिथि की घोषणा बाद में होगी। यह स्थगन डिपॉजिटरी और अन्य हितधारकों की ओर से सामना की जा रही परिचालन संबंधी चुनौतियों के जवाब में किया गया है। सेबी ने रीट और इनविट की परिभाषा में भी बदलाव किया है। एक योग्य संस्थागत खरीदार मानी जाने वाली संस्था रणनीतिक निवेशक के रूप में आवेदन कर सकती है। इसमें सरकारी वित्तीय संस्थानों, पेंशन एवं भविष्य निधि, वैकल्पिक निवेश निधि, राज्य औद्योगिक विकास निगम, पारिवारिक ट्रस्ट और 500 करोड़ से अधिक की कुल संपत्ति वाले पंजीकृत मध्यस्थों सहित अन्य संस्थानों का समूह शामिल है। दिग्गज निवेशकों का म्यूचुअल फंड पसंदीदा निवेश का साधन बन चुका है। इसका उदाहरण यह है कि 10,000 करोड़ रुपये के आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का आईपीओ खुलने से पहले ही 4,815 करोड़ का निवेश किया गया है। शुक्रवार से खुलने वाले इश्यू में झुनझुनवाला परिवार, मधुसूदन केला सहित 26 निवेशकों ने दांव लगाया है।

# कमाई रुपये में, खर्च डॉलर में

## इंडिगो संकट के बीच एयर एशिया सीएफओ ने बताई बाजार की सच्चाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली






देश में जारी विमानन संकट के बीच एयर एशिया के सीएफओ विजय गोपालन ने एक साक्षात्कार में भारतीय विमानन क्षेत्र की कड़वी सच्चाई के बारे में बताते हुए कहा है कि भारतीय विमानन बाजार के मौजूदा ढांचे में मुनाफा कमाना बहुत मुश्किल है। उन्होंने विमानन बाजार के किन चुनौतियों की बात की, आइए जानते हैं।

भारतीय विमानन बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, लेकिन इसके बावजूद यह एयरलाइनों के लिए हमेशा घाटे का सौदा ही रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में जारी हालिया उथल-पुथल ने एक बार फिर इस बहस को छेड़ दिया है कि क्या भारत में एयरलाइन चलाना वास्तव में टेढ़ी खीर है? इस गंभीर सवाल के बीच, एयर एशिया के सीएफओ विजय गोपालन ने जो बातें कही हैं, वे किसी खतरे की घंटी से कम नहीं हैं। उनका विश्लेषण बताता है कि भारत में एयरलाइन कारोबार की यह दशा केवल प्रबंधन की विफलता नहीं है, बल्कि सिस्टम का संरचनात्मक दोष है जो एयरलाइनों को डूबने पर मजबूर कर रहा है।

गोपालन ने कहा कि विदेशी लीजर्स (विमान पट्टे पर देने वाली कंपनियां) भारत को एक 'जोखिम भरा बाजार' मानते हैं। भारतीय कंपनियों के लिए लीजिंग की लागत वैश्विक औसत से अधिक है। इसके अलावे भारत में कुछ ढांचागत समस्याएं भी हैं। स्लॉट्स की कमीः चेन्नई और मुंबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर पीक आवर्स में स्लॉट उपलब्ध नहीं हैं। देश में पर्याप्त ट्रेनिंग फैसिलिटी नहीं है, जिससे विदेशी पायलट्स पर निर्भरता और वेतन लागत बढ़ती है। विजय गोपालन की बातों को अगर हम इतिहास के संदर्भ में देखें, तो तस्वीर साफ हो जाती है। किंगफिशर एयरलाइंस (2012) में बंद हो गई। विजय माल्या की 'किंग ऑफ गुड टाइम्स' कही जाने वाली एयरलाइन उच्च ईंधन लागत, भारी कर्ज और गलत प्रबंधन के कॉकटेल के कारण डूब गई। देश की सबसे पुरानी निजी एयरलाइनों में से एक, जेट एयरवेज ने 25 साल तक आसमान पर राज किया।

### एयर एशिया के सीएफओ विजय गोपालन ने क्या कहा?

एयर एशिया के सीएफओ विजय गोपालन ने एक साक्षात्कार में भारतीय विमानन क्षेत्र की कड़वी सच्चाई के बारे में बताते हुए कहा है कि भारतीय विमानन बाजार के मौजूदा ढांचे में मुनाफा कमाना बहुत मुश्किल है। गोपालन ने कहा, एयरलाइन कंपनियों का आधा खर्चा विमान के ईंधन यानी एयर टरबाइन फ्यूल पर होता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह ईंधन जीएसटी के दायरे में नहीं आता। इस पर राज्य सरकारें अपना टैक्स लगाती हैं, जो कुछ राज्यों में 30% से भी अधिक है। एक कमोडिटी बिजनेस में, जहां मार्जिन बेहद कम होता है, वहां लागत का 50% हिस्सा अगर ईंधन में चला जाए तो परेशानी खड़ी होती है। गोपालन ने साफ किया कि इस हालात को इसे तर्कसंगत बनाए बिना विमानन उद्योग में बदलाव कठिन है।

### इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट का बड़ा कदम

# रोजाना 100 नई उड़ानें शुरू करने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

इंडिगो में परिचालन बाधाओं के बीच स्पाइसजेट ने शीतकालीन सत्र में विस्तार की घोषणा करते हुए 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई है। एयरलाइन का कहना है कि प्रमुख रूटों पर बढ़ती मांग और बाजार में क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

देश की घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस शीतकालीन सत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने की तैयारी में है। कंपनी ने घोषणा की कि वह 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है, ताकि मौजूदा विमानन बाजार में क्षमता की कमी को दूर किया जा सके।

स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि प्रमुख रूटों पर हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू की जा रही हैं। नई उड़ानें नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद शुरू की जाएंगी। इंडिगो में चल रही परिचालन बाधाओं के बीच यह कदम एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एयरलाइन ने बताया कि पिछले दो महीनों में उसने 17 विमानों को सक्रिय सेवाओं में शामिल किया है, जिनमें डैम्प-लीज पर लिए गए विमान और उसके अपने पुराने विमान शामिल हैं जिन्हें दोबारा सेवा में लाया गया है।

स्पाइसजेट के अनुसार, बेड़े में इस बढ़ोतरी से कंपनी को उच्च मांग वाले रूटों पर अतिरिक्त क्षमता तैनात करने और नेटवर्क को अधिक लचीला बनाने में मदद मिलेगी। एयरलाइन ने कहा कि मौजूदा शेड्यूल अवधि के दौरान हमारा लक्ष्य अधिक विमान शामिल करना, विमान उपयोगिता को अधिकतम करना और बेहतर योजना से कनेक्टिविटी मजबूत करना है। इससे पहले नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने बताया था कि हाल ही में इंडिगो संकट के कारण हवाई अड्डों पर हुई व्यवधान के बाद परिचालन सामान्य रूप से बहाल हो रहा है।

# इंडिगो मुआवजे में 10 हजार रुपए का ट्रैवल वाउचर देगा....

## 3-5 दिसंबर के बीच 'ज्यादा परेशान' पैसेंजर्स को मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसंबर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को ?10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।

कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपए के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है। इधर इंडिगो के उएड पीटर एल्बर्स गुरुवार को DGCA (नागरिक उड्डयन नियामक) के सामने पेश हुए। करीब 2 घंटे की पूछताछ में उएड से ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल किए गए।




इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशंस में आई दिक्कतों के बाद तकनीकी खामियों की निगरानी का पूरा ढांचा तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है। उड़ानों में लगातार देरी, कैंसिलेशन और हालिया सुरक्षा घटनाओं ने डीजीसीए को डिफेक्ट रिपोर्टिंग सिस्टम को जड़ से सख्त करने के लिए मजबूर किया है।

12 पेज के नए आदेश के मुताबिक अब किसी भी निर्धारित उड़ान में तकनीकी कारण से 15 मिनट या उससे ज्यादा की देरी होती है तो उसकी जांच अनिवार्य होगी। कंपनी को बताना होगा कि देरी क्यों हुई? उसे कैसे ठीक किया गया? दोबारा न होने के लिए क्या उपाय किए? ये ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले लागू नहीं थे। कंपनी को किसी भी मेजर डिफेक्ट की सूचना तुरंत डीजीसीए को फोन पर देनी होगी। 72 घंटे में विस्तार से रिपोर्ट भेजनी होगी।




## पैसेंजर्स ने कहा- इंडिगो समेत 8 एयरलाइन धोखाधड़ी कर रहीं, पेमेंट के समय टिकट की कीमत बढ़ाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो फ्लाइट कैंसिल विवाद के बीच देश की टॉप एयरलाइन कंपनियों को लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। पॉपुलर कम्युनिटी प्लेटफॉर्म छड्ढ्'ङ१ू'ी२ के अनुसार पिछले एक साल में 81% से ज्यादा हवाई यात्रियों ने इंडिगो समेत 8 एयरलाइन की वेबसाइट या एप पर धोखाधड़ी (डार्क पैटर्न्स) का शिकार होने की बात कही। सर्वे में पैसेंजर्स ने बताया गया है कि टिकट बुकिंग, सीट चुनने, इंश्योरेंस, टिकट कैंसिलेशन-रिफंड के समय स्कैम किया जा रहा। ग्राहकों से पैसे वसूले जा रहे हैं। सर्वे में देश के 302 जिलों से 1.24 लाख से ज्यादा यात्रियों को शामिल किया गया है। ड्रिप प्राइसिंग (छुपी हुई फीस): बुकिंग के समय टिकट की कीमत कम दिखाई जाती है, लेकिन पेमेंट के आखिरी स्टेप में कन्विनियंस, प्लेटफॉर्म जैसी फीस जोड़ दी जाती हैं। 80% पैसेंजर्स ने कहा कि उन्हें बार-बार यह समस्या आती है और ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर के पैसेंजर्स से सबसे ज्यादा शिकायत मिली हैं। इसमें ग्राहक जो करना चाहता है, उसे करने नहीं दिया जाता। पैसेंजर्स ने बताया कि कई बार कैंसिलेशन का बटन ही गायब या ग्रे कर दिया जाता है। हाल ही में इंडिगो के 5000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल होने पर कंपनी ने 'फुल रिफंड, बिना किसी शर्त' का वादा किया था, लेकिन एप पर कैंसिलेशन का ऑप्शन ही गायब था।

## मोदी के घर पर डिनर पर पहुंचे एनडीए सांसद:20-25 के ग्रुप में बसों से आए;

### अनुराग ठाकुर ने कहा-अगला डिनर बंगाल जीत के बाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर गुरुवार शाम 6:30 बजे से एनडीए सांसदों के लिए विशेष डिनर आयोजित हुआ। सभी सांसद 20-25 के ग्रुप में अलग अलग बसों से उनके आवास पहुंचे।

करीब दो घंटे चले इस डिनर में कई तरह की डिशेस परोसी गईं। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा अब बंगाल जीत के बाद डिनर होगा। पीएम ने  पर पोस्ट में लिखा ठऊअ सांसदों को डिनर पर होस्ट करके बहुत अच्छा लगा। ठऊअ परिवार सुशासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि साथ मिलकर, हम आने वाले सालों में अपने देश की विकास यात्रा को मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे। वहीं भाजपा ने बताया कि ऐसी व्यवस्था की गई थी कि लोक कल्याण मार्ग पर जाम न लगे। राज्यवार ग्रुपिंग से समन्वय आसान हुआ। सांसदों को राज्यवार ग्रुप में बांटा गया था। संबंधित राज्यों के मंत्रियों ने उनके संसद भवन से आवास तक आने और सीटिंग के लिए प्रबंधन किया। सभी टेबल्स पर केंद्र के मंत्री मौजूद रहे। यह डिनर एनडीए सांसदों के बीच एकजुटता दिखाने और संसदीय सत्र से पहले चर्चा के किया गया था।

### पीएम ने सभी सांसदों से बात की

पीएम नरेंद्र मोदी डिनर के दौरान सांसदों से बात भी की। डिनर में गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, नितिन गडकरी आदि भी अलग अलग टेबलों पर रहे। यह डिनर पिछले सत्र में होना था लेकिन पंजाब हिमाचल बाढ़ के कारण स्थगित किया गया था। बिहार में एनडीए की बंपर जीत के बाद हो रहे इस डिनर में आने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। डिनर पर पीएम संसद सत्र के एजेंडे पर भी बात की। उन्होंने एनडीए की सामूहिक राजनीतिक रणनीति को मजबूत करने पर जोर दिया। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर भी पीएम ने सांसदों से बात की।

### अनुराग ठाकुर बोले- हम पीएम का शुक्रिया अदा करते हैं

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बताया कि बिहार में ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री ने हमें बुलाया है। उन्होंने कहा- हम, एनडीए सांसद पीएम मोदी का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने हम सभी को अपने घर पर डिनर के लिए बुलाया है। हमें उनसे मिलने का मौका मिलेगा।

## गोवा अग्निकांड; लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में हिरासत में लिए गए

गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन, गुरुवार को क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया। थाइलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट पकड़े हुए हैं। इधर, दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने गुरुवार को लूथरा ब्रदर्स की ट्रांजिट अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी। संभावना है कि भारत लाने के बाद गोवा पुलिस दोनों को अपनी हिरासत में लेगी। बिर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे।

## अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत जिंदा बचा एक मजदूर 2 दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बठिंडा

अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा ॠफ्रॠकैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत ही कम आवाजाही होती है।

### घनी झाड़ियों में फंसा था ट्रक, आर्मी को खोजने में लगे 4 घंटे

आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची। दरअसल ट्रक खाई में घनी झाड़ियों में फंसा हुआ था, जिससे यह दूर से नजर नहीं आ रहा था। बचाव टीमों को 18 शव मिल चुके हैं, जिन्हें बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया जा रहा है। मौके पर बचाव टीमें, मेडिकल टीमें, ॠफ्रॠप्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस और ठऊॠकी टीमें मौजूद हैं। अनजॉ हायुलियांग ने बताया कि जिला परिषद सदस्य और चगलगाम के ठेकेदारों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे मजूदरों की पहचान की जा सके।

## बहराइच में भगवा फहराने पर हत्या करने वाले को फांसी:

# दुर्गा पूजा के दौरान धारदार हथियारों से हमला किया था, 9 लोगों को उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी के बहराइच में सालभर पहले हुई हिंसा में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने वाले सरफराज को फांसी की सजा दी गई है। हत्या में साथ देने पर सरफराज के पिता अब्दुल हमीद, दो भाई- फहीम और तालिब समेत 9 को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

इससे पहले कड़ी सुरक्षा में सभी दोषियों को जेल से कोर्ट लाया गया। अदालत ने बारी-बारी से सभी आरोपियों के खिलाफ सजा सुनाई। इस दौरान कोर्ट में गहमागहमी रही।

रामगोपाल की पत्नी रोली और दोषियों के परिजन कोर्ट पहुंचे थे। एक बच्ची रोती नजर आई। अपराधियों के घरों के बाहर फोर्स तैनात किया गया है। बहराइच के अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने 13 महीने 28 दिन में गुरुवार को फैसला सुनाया है। दो दिन पहले ही अदालत ने 13 अभियुक्तों में से 10 को मॉब लिंचिंग समेत कई धाराओं में दोषी करार दिया था। कोर्ट ने तीन आरोपियों खुर्शीद, शकील और अफजल को बरी कर दिया है। बहराइच के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर, 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा हुई थी। इसी दौरान राम गोपाल मिश्रा सरफराज के घर की छत पर चढ़ गया था। उसने वहां लगे इस्लामिक हरे झंडे को उतारकर फेंक दिया था।








### बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनावः

# तख्तापलट के डेढ़ साल बाद वोटिंग; क्या पूर्व प्रधानमंत्री हसीना की पार्टी चुनाव लड़ पाएगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका**

बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है। 5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद से वहां पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में हसीना की पार्टी हिस्सा नहीं ले पाएगी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण चुनाव आयोग ने मई 2025 में निलंबित कर दिया था। पार्टी के बड़े नेताओं को अंतरिम सरकार गिरफ्तार कर चुकी है।






## जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह भी होगा

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि उसी दिन जुलाई चार्टर को लेकर जनमत संग्रह किया जाएगा। जुलाई चार्टर संवैधानिक और राजनीतिक सुधार का एक दस्तावेज है। इसमें 26 पाइंट हैं, जिसका मकसद देश की राजनीति और शासन व्यवस्था में बदलाव लाना है।

इसमें प्रधानमंत्री की सत्ता सीमित करने की बात है, ताकि कोई अनिश्चित समय तक सत्ता में न रह सके। इस चार्टर में पीएम का कार्यकाल 8 या 10 साल करने की बात कही गई है।

जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक ₹जुलाई चार्टर₹ नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की कोशिश हुई थी।

भविष्य में चुनाव कैसे होंगे

सेना या न्यायपालिका की क्या भूमिका रहेगी भ्रष्टाचार और मानवाधिकार से जुड़ी नई नीतियां कैसी होंगी

शेख हसीना पर लगे प्रतिबंध जारी रहेंगे या नहीं

जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी। इसमें प्रावधान है कि राजनीतिक दलों की अलग-अलग मांगों के बीच संतुलन बनाने के लिए 100 सदस्यीय ऊपरी सदन का गठन प्रतिनिधित्व के आधार पर किया जाएगा। यानी जिस पार्टी को जितने वोट मिलेंगे, उसी अनुपात में उसे सीटें दी जाएंगी। चुनाव से पहले छात्रों की राजनीतिक पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (ठउढ) ने जमात-ए-इस्लामी से टूटकर बनी अमर बांग्लादेश (अइ) पार्टी और राष्ट्र संस्कृति आंदोलन के साथ मिलकर नया मोर्चा गणतांत्रिक संस्कार गठजोट बनाया है।

इसी साल फरवरी में बनी थी। पार्टी के छात्र नेताओं ने पिछले साल हसीना विरोधी प्रदर्शनों की अगुवाई की थी। इन्हीं प्रदर्शनों के दबाव में 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना सरकार को सत्ता छोड़नी पड़ी थी।

## अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50% टैरिफ लगाएगा

### 2026 से लागू होगा; एक्सपर्ट्स बोले- ट्रम्प को खुश करने की कोशिश


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको**

अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50% तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा।

जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डॉलर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डॉलर का घाटा हुआ।

अब नए कानून के अनुसार कारें, ऑटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1,400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने



वाली वरटउअ (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है।

### मेक्सिको कारोबारी बोले- इससे महंगाई बढ़ेगी

चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी।

पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना। बिल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर क्लाउडिया शिनबाम के बाद कानून बन जाएगा और 2026 से लागू हो जाएगा।

चीनी ऑटोमोबाइल और पार्ट्स पर 50% टैरिफ यह नीति मुख्य रूप से उन उत्पादों को टारगेट करती है जो मेक्सिको की स्थानीय इंडस्ट्री को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ऑटोमोबाइल और पार्ट्सः चीनी कारों पर 50% टैरिफ, जो अभी मेक्सिको के बाजार का 20% हिस्सा रखती हैं (6 साल पहले यह न्यूनतम था)। इसमें टचस्क्रीन, डैशबोर्ड जैसे कंपोनेंट्स शामिल।

टेक्सटाइल, कपड़े और जूतेः 10-50% टैरिफ, क्योंकि ये सस्ते चीनी आयात से प्रभावित हैं। स्टील, प्लास्टिक और धातुः 35% तक, स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए। अन्यः खिलौने, मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायन। कुल मिलाकर, 1,400 टैरिफ लाइनों पर असर, जो कुल आयात का 8.6% ($52 अरब मूल्य) प्रभावित करेगा। भारत और मेक्सिको के बीच व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय दूतावास की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है और 10 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है।

## वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिगंटन**

अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड ऑयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया। वीडियो में दो सैन्य हेलिकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा, ह्लहमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर।ह्व जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है।

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

### डेमोक्रेट सांसद बोलीं- यह फोटो हजार शब्दों के बराबर; कहा- ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिगंटन**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की।

अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की।

डव ने कहा, ह्लट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल



रही है।

दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंटपहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति


### सांसद बोलीं- नुकसान को जल्द ठीक करना जरूरी

डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फॉरेन अफेयर्स सबकमेटी ऑन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था- ह्यअमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीः एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में ळफ्रऋको विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। उन्होंने हाउस फॉरेन अफेयर्स की साउथ एंड सेंट्रल एशिया सबकमेटी की सुनवाई के दौरान कहा कि लश्कर-ए-तैयबा और उसका प्रॉक्सी ळफ्रऋपहलगाम के आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार थे।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफ्न किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | | 33 | | 71 | | 55 | = | 70 |
| | | | | | | | | |
| 28 | | 24 | | 50 | | 42 | = | 12 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | | | | | | | | |
| 23 | | 3 | | 9 | | 4 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 27 | | 4 | | 73 | | 7 | = | 1 / 89 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| ब | ला | क | प | ई | ढे | जुं | शि | या | ह | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | ब | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | धी | जा | ह | कि | बि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| जा | जी | ल | मु | ब | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | या |
| क | म | ल | ना | थ | जीं | ज | जी | न | द | ब |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | | 6 | 4 | 7 | |
| | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | |
| 4 | 2 | | 3 | | 1 | 7 |
| | 31 | | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | | 7 | 4 | 3 | | 2 |

# चांदी 1.86 लाख के ऑल टाइम हाई पर पहुंची: इस साल 2 लाख तक जा सकती है

**चांदी की कीमत 10 दिसंबर को 1.86 लाख रुपए किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इस साल अब तक चांदी करीब 1 लाख रुपए महंगी हो चुकी है, यानी इसकी कीमत 115% बढ़ चुकी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ रही है। जिससे चांदी इस साल 2 लाख रुपए के पार जा सकती है।**



ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर एळ्ऋसही ऑप्शन हो सकता है। इसके जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। इसमें आप बहुत कम यानी 200 रुपए से शुरूआत कर सकते हैं।

## चांदी की डिमांड 2031 तक हर साल 3.4% बढ़ेगी: इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की ग्रोथ से सिल्वर का उपयोग बढ़ेगा; नेक्स्ट जनरेशन मेटल बनेगी

**ग्लोबल एडवाइजरी फर्म ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑटोमोटिव सेक्टर में सिल्वर की डिमांड 2025 से 2031 तक हर साल 3.4% की दर से बढ़ेगी। इस डिमांड के चलते सिल्वर को अब नेक्स्ट जनरेशन मेटल कहा जा रहा है क्योंकि इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, रिन्यूएबल एनर्जी और डिजिटल सिस्टम में इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार को सिल्वर का भाव रिकॉर्ड 1.86 लाख प्रति किलो तक पहुंच गया। 2024 में पेट्रोल-डीजल इंजन गाड़ियों में 55% और एश् में 30% सिल्वर डिमांड थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2027 तक इवी प्रोडक्शन को ओवरटेक कर लेगा और 2031 तक ऑटो सेक्टर की 59% सिल्वर डिमांड इवी से आएगी।**



## 10 दिनों में चांदी की चाल

| तारीख | सिल्वर रेट |
|---|---|
| 1 दिसंबर | ₹1,75,180 |
| 2 दिसंबर | ₹1,74,650 |
| 3 दिसंबर | ₹1,78,684 |
| 4 दिसंबर | ₹1,76,625 |
| 5 दिसंबर | ₹1,79,025 |
| 8 दिसंबर | ₹1,79,088 |
| 9 दिसंबर | ₹1,78,893 |
| 10 दिसंबर | ₹1,86,350 |

*नोट: 6-7 दिसंबर को साप्ताहिक छुट्टी थी। चांदी की कीमत रुपए प्रति किलोग्राम में है।*

## अलग-अलग पावरट्रेन में सिल्वर यूज का बढ़ेगा

ऑक्सफोर्ड ने कहा, हमारा अनुमान है कि 2025-2031 के बीच ग्लोबल सिल्वर डिमांड ऑटो इंडस्ट्री में 3.4% उअत्रक्र से बढ़ेगी। लेकिन कुछ अनिश्चितताएं भी हैं। अलग-अलग पावरट्रेन में सिल्वर यूज का रेंज बहुत बड़ा है। ऑटोनॉमस ड्राइविंग आएगी तो सेंसर और एउव ज्यादा लगेंगे, इससे भी डिमांड बढ़ेगी।

लेकिन कई एउव को एक डोमेन कंट्रोल यूनिट में मर्ज करने की कोशिश डिमांड को सीमित कर सकती है। फिर भी एश् ट्रांजिशन सबसे बड़ा ड्राइवर रहेगा।

### किसे चुनना चाहिए सिल्वर ETF?

- अपने पोर्टफोलियो में कुछ नया और कमोडिटी से रिलेटेड जोड़ना चाहते हैं।
- चांदी में निवेश करना चाहते हो, लेकिन फिजिकल चांदी की झंझट से बचना चाहते हैं।
- छोटी रकम से चांदी में निवेश शुरू करना चाहते हैं।
- अगर लंबे समय के लिए निवेश करना चाहते हैं, तो ये सही रहेगा।

## इन सिल्वर ETF ने बीते सालों में दिया बेहतर रिटर्न

| ETF | बीते 1 साल में रिटर्न | बीते 3 साल में रिटर्न |
|---|---|---|
| ICICI प्रूडेंशियल सिल्वर ETF | 99% | 167% |
| HDFC सिल्वर ETF | 98% | 171% |
| आदित्य बिरला सन लाइफ सिल्वर ETF | 98% | 169% |
| एक्सिस सिल्वर ETF | 96% | 168% |
| निप्पॉन इंडिया सिल्वर ETF | 95% | 171% |

*सोर्स: ग्रो, 10 दिसंबर 2025*

### सिल्वर एळ्ऋचुनते वक्त ध्यान रखने वाली बातें

फंड हाउस : हमेशा ऐसे फंड हाउस का एळ्ऋ चुनें, जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो और मैनेजमेंट फी कम हो।

ट्रैकिंग एररः कुछ एळ्ऋ चांदी की कीमतों को पूरी तरह फॉलो नहीं कर पाते। ऐसे में ट्रैकिंग एरर कम वाले एळ्ऋ को प्राथमिकता दें।

लंबा निवेशः चांदी की कीमतें छोटी अवधि में उतार-चढ़ाव करती हैं, इसलिए 3-5 साल का नजरिया रखो।

## इस साल सोना 51,626 और चांदी 99,471 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत 51,626 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,27,788 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 99,471 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,85,488 रुपए प्रति किलो हो गई है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 35 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी 2 लाख रुपए किलो तक जा सकती है।

### सिल्वर ETF क्या है?

सिल्वर ETF यानी सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड। इसे समझने के लिए बस इतना जान लो कि ये एक ऐसा फंड है, जो चांदी की कीमतों पर आधारित है। आप इसमें पैसा लगाते हैं, और ये पैसा चांदी की कीमत के हिसाब से बढ़ता-घटता है।

लेकिन इसमें आपको असली चांदी खरीदने की जरूरत नहीं। ना तिजोरी चाहिए, ना लॉकर। ये सब काम फंड हाउस करता है, और आप बस स्टॉक एक्सचेंज (जैसे ठरए या इरए) पर इसे डीमेट अकाउंट के जरिए खरीद-बेच सकते हैं, जैसे कोई शेयर।

ये काम कैसे करता है? सिल्वर एळ्ऋ का फंड हाउस असली चांदी को खरीदता है, जो 99.9% शुद्ध होती है। अब तुम जो एळ्ऋ खरीदते हो, उसकी कीमत चांदी के बाजार भाव पर चलती है। अगर चांदी की कीमत बढ़ी, तो आपका एळ्ऋ भी चमक उठता है। और इसे बेचना भी आसान, बस स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग टाइम में बेच दो।




### सिल्वर ETF में निवेश करने के हैं कई फायदे

**कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं चांदी:**

ETF के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर एळ्ऋ की 1 यूनिट की कीमत अभी 150 रुपए के करीब है। यानी आप 150 रुपए में इसमें निवेश की शुरूआत कर सकते हैं।

**चांदी रहती है सुरक्षित**

इलेक्ट्रॉनिक चांदी डीमैट अकाउंट में होती है जिसमें सिर्फ सालाना डीमैट चार्ज देना होता है। साथ ही चोरी होने का डर नहीं होता। वहीं फिजिकल चांदी में चोरी के खतरे के अलावा उसकी सुरक्षा पर भी खर्च करना होता है।

**व्यापार की आसानी**

सिल्वर एळ्ऋको बिना किसी परेशानी के तुरंत खरीदा और बेचा जा सकता है। यानी पैसों की जरूरत पड़ने पर आप जब चाहे इसे बेच सकते हैं।

### इसमें कुछ जोखिम भी हैं

कीमत का उतार-चढ़ावः चांदी की कीमतें कभी-कभी बहुत तेजी से बदलती हैं। अगर बाजार में गिरावट आई, तो एळ्ऋ का मूल्य भी गिरेगा। चांदी का इस्तेमाल गहनों के अलावा सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स, और मेडिकल उपकरणों में होता है। अगर इन इंडस्ट्रीज में मांग घटी, तो चांदी की कीमत भी प्रभावित हो सकती है।

■ वर्ष-12 अंक-40 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 12 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा॥

**भावार्थ** : जो अपने बच्चे को शिक्षा नहीं देता, ऐसी माँ शत्रु के समान होती है और उसका पिता शत्रुतापूर्ण होता है, क्योंकि हंसों के बीच बगुले की तरह ऐसा आदमी विद्वानों की सभा को शोभा नहीं देता।

रूपयौवनसंपन्ना विशाल कुलसम्भवाः।
विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः॥

**भावार्थ** : रूप में धनी, यौवन, और भले ही एक विशाल परिवार में पैदा हुए हों, लेकिन जो शिक्षाहीन हैं, वे बिना सुगंध के कसीदा के फूल की तरह सुशोभित नहीं होते हैं।

## देशस्य अनेकाः उच्च न्यायालयाः पूर्वमेव एआई

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

व्यावसायिकानां एआइ-सम्बद्धानां सुझावानां कृते औपचारिकरूपेण मञ्चः प्रथमवारं उद्घाटितः अस्ति। विगतेषु वर्षेषु न्यायपालिकायाः विभिन्नस्तरयोः प्रौद्योगिक्याः वर्धमानेन उपयोगः सम्भावना:, जोखिमाः च प्रस्तुताः सन्ति। देशस्य अनेकाः उच्चन्यायालयाः पूर्वमेव एआइ-आधारितप्रतिलेखन-अनुवादसेवानां परीक्षणं कुर्वन्ति। राष्ट्रीयन्यायिकदत्तांशजालः अपि आँकडाप्रबन्धने एआइ इत्यस्य भूमिकायाः अन्वेषणं कुर्वन् अस्ति। परन्तु न्यायिकनिर्णयेषु एआइ-प्रयोगस्य विषये अद्यापि कोऽपि औपचारिकनीतिः नास्ति। अतः अयं पीआइएल प्रथमवारं सर्वोच्चन्यायालये प्रत्यक्षतया एषः विषयः उत्थापितः। परन्तु न्यायालयेन याचिकायाः निराकरणेन न्यायपालिका प्रौद्योगिक्याः नीतिनिर्माणस्य च नियन्त्रणं स्थापयितुं अभिप्रायं करोति इति सूचयति।


## सम्पादकीयम्

### अधिकस्य आवश्यकता अस्ति

प्रतिवर्षं विशेषयानानि चाल्यन्ते, परन्तु जनसमूहः समानप्रमाणेन वर्धते इव दृश्यते। अस्याः समस्यायाः द्वौ पक्षौ स्तः रेलमार्गस्य इन्फ्रा, प्रवासः च। अधिकस्य आवश्यकता अस्ति : विगतदशवर्षेषु प्रायः ३४ सहस्राणि नूतनानि रेलमार्गरेखाः स्थापितानि सन्ति। अस्मिन् काले वण्डे भरत, अमरिट् भरत एक्सप्रेस् इत्यादीनां नूतनानां रेलयानानां प्रारम्भः अभवत्। रेलमार्गः वित्तीयवर्षस्य २०२५-२६ कृते २.६५ लक्षरूप्यकाणां 2.65 लक्षरूप्यकाणां बजटं प्राप्तवान् अस्ति। एतत् आधारभूतसंरचनायाः सुदृढीकरणे यात्रिकसुविधासु सुधारणे च केन्द्रितम् अस्ति। विशेषतः नूतनरेलमार्गस्य कृते ३२.२२ कोटिरूप्यकाणि सहस्ररूप्यकाणि आवंटितानि सन्ति। एषः केवलं सांख्यिकी-विषयः एव। सत्यं तु अस्ति यत् एतदपि बिहारं गच्छन्तीनां यात्रिकाणां कृते रेलयानानां न्यूनता अस्ति। बलात् विस्थापनम्: अस्याः समस्यायाः अन्यः पक्षः प्रवासेन सह सम्बद्धः अस्ति। मनसा सह विस्थापनस्य विस्थापनस्य च मध्ये गहनः अन्तरः अस्ति। बिहारस्य एकः विशालः जनसंख्या आजीविकासंकटस्य कारणेन गृहं गच्छति। अस्मिन् समये प्रशंद् किशोरः अपि विधानसभानिर्वाचन-अभियाने एतत् मुद्दाम् उत्थापितवान्, परन्तु तस्य ध्यानं न प्राप्तम्। अस्मिन् समये निर्वाचनस्य कारणात् बिहारं रेलयानेषु भीडं कर्तुं नेतारः ध्यानम् आगतं तस्य चर्चा च कृता। परन्तु, एषा समस्या न केवलं निर्वाचनात्मका एव।

बीसीसीआई आईपीएल 2026 नीलामस्य पूर्वं

## नव नूतनान् खिलाडयः योजयति प्रमुखं शॉर्टलिस्ट् त्रुटिं सम्यक करोति



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

मंगलवासरे आईपीएल 2026 नीलामस्य एकसप्ताहपूर्वं भारते क्रिकेट् नियन्त्रणमण्डलेन दलस्वामिनः, स्काउट्, क्रिकेट्-प्रशंसकानां च मध्ये पूर्वमेव ज्वर-पिच-पर्यन्तं गूञ्जनं अधिकं प्रेरितम्। प्रातःकाले ३५०-क्रीडकानां सूचीं प्रकाशितस्य केवलं घण्टाभिः अनन्तरं बोर्डेन संशोधिता सूची प्रकाशिता, यत्र नीलाम-कुण्डे नव-नव-क्रीडकाः योजिताः। अनेन अन्तिमसूचौ कुलक्रीडकानां संख्या ३५९–२४७ भारतीयाः ११२ विदेशीयक्रीडकाः च भवन्ति। नीलामः अबुधाबीनगरे भवितुं निश्चितः अस्ति, अन्तिमसूचौ एषः परिवर्तनः सर्वेषां मताधिकाराणाम् रणनीतीनां पुनर्विचारं कर्तुं बाध्यते।

नूतनसूचौ तानि नामानि सन्ति ये विगतमासेभ्यः घरेलूक्रिकेट्-मताधिकार-वृत्तेषु नगरस्य चर्चां कुर्वन्ति। एतेषु सर्वाधिकं प्रमुखः स्वस्तिकचिकरः अस्ति-यः खिलाडी अन्तिमं आईपीएल-उपाधिं जित्वा अद्यैव रॉयल चैलेन्जर्स् बेङ्गलूरु-संस्थायाः मुक्तः अभवत्। अस्मिन् वर्षे नीलाम-कुण्डे एकमात्रः एसोसिएट् नेशन-क्रीडकः मलेशियादेशस्य विरदीपसिंहः अपि अस्मिन् सूचौ अन्तर्भवति। तस्य निरन्तरं परिश्रमस्य प्रदर्शनस्य च प्रमाणं यत् सः विश्वस्य एकस्मिन् प्रतिस्पर्धात्मके लीगे स्थानं प्राप्तुं समर्थः अभवत्।

शेषेषु सप्तसु खिलाडयः त्रिपुरा-आल-राउंडर: मनीशंकर मुरासिंहः, हैदराबादस्य गेन्दबाजः चामा मिलिन्दः, कर्नाटकस्य विकेटकीपर-बल्लेबाजः के.एल. श्रीजीथः, दक्षिण आफ्रिकादेशस्य आल राउंडरः एतान बॉशः, आस्ट्रेलियादेशस्य स्पिनस्य आल राउंडरः क्रिस ग्रीनः, उत्तराखण्डस्य राहुलराजनामला, झारखण्डस्य बल्लेबाजः विराटसिंहः च। एतेषां क्रीडकानां समावेशः सूचयति यत् अस्मिन् नीलाम्यां भारतीयविदेशीयप्रतिभानां संतुलनं पूर्वस्मात् अपेक्षया अधिकं विविधतापूर्णं प्रतिस्पर्धात्मकं च भवितुम् अर्हति।

एतेषु ३५९ खिलाडयः केवलं ७७ एव नूतनान् आईपीएल-अनुबन्धं प्राप्तुं शक्नुवन्ति-एतेषु च केवलं ३१ विदेशीयाः क्रीडकाः भविष्यन्ति। अस्य अर्थः अस्ति यत् स्पर्धा तीव्रा अस्ति, प्रत्येकस्य क्रीडकस्य कृते एषः अवसरः महत्त्वपूर्णः अस्ति, न केवलं आर्थिकदृष्ट्या अपितु तेषां करियरमार्गनिर्धारणस्य दृष्ट्या अपि। इदानीं कोलकाता नाइट् राइडर्स् ६४.३० कोटिरूप्यकाणां (६४.३० कोटिरूप्यकाणां) सर्वाधिकं पर्सं स्वीकृत्य नीलाम्यां प्रवेशं करिष्यति, यत्र १३ स्लॉट् उपलभ्यते। चेन्नै सुपर किङ्ग्स् ४३.४ कोटि (४३.४ कोटि) पर्सेन द्वितीयस्थाने अस्ति, नव स्लॉट् पूरयितुं च अस्ति। एतत् दत्तांशं सूचयति यत् नीलामस्य प्रारम्भिकपदे एतौ दलौ विपण्यस्य दिशां निमातुं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहितुं शक्नुवन्ति।

पारीयाः मध्यभागे सः

## स्वस्य शततमं षट्कं मारितवान्

ब्रह्मास्त्र ›› कटक

१७ तमे ओवरपर्यन्तं भारतस्य १५० रनस्य अतिक्रमणस्य सम्भावना अद्यापि कृशाः इव भासन्ते स्म। परन्तु हार्दिकः अन्तिमेषु ओवरेषु आक्रामकतायाः ज्वालामुखीम् अकुर्वत्। सः अन्तिम-ओवरस्य द्वितीय-कन्दुकात् अर्धशतकं प्राप्तवान्, अनरिच्-नोट्र्जे-इत्यस्य पूर्ण-दीर्घ-प्रदानं लॉन्ग्-ऑन्-उपरि षट्-पर्यन्तं भग्नवान्। एतत् भारतस्य संयुक्त-वेगतमं टी-२०-पञ्चाशत् अपि आसीत्, येन मेलस्य रोमाञ्चः वर्धितः। सः अन्तिमचतुर्षु कन्दुकेषु ११ अधिकानि धावनाङ्कानि योजयित्वा भारतं १७५/६ यावत् कृतवान्-तत् एव दलं यत् केवलं क्षणपूर्वं १५० रनस्य कृते संघर्षं कृतवान् आसीत् हार्दिकस्य पारीयाः प्रभावः न केवलं क्षेत्रे अपितु भारतीय-डगौट्-क्रीडायां अपि स्पर्शयोग्यः आसीत्। कप्तानः सूर्यकुमारयादवः, मुख्यप्रशिक्षकः गौतमगम्भीरः च उभौ तस्य स्थायि-प्रशंसाम् अकरोत्। गम्भीरस्य स्मितं तालीवादनं च पुष्टिं कृतवती यत् एषा पारी कियत् मनोबलवर्धकम् आसीत्। गम्भीरस्य प्रशिक्षकत्वेन कठोरस्य आरक्षितस्य च प्रतिबिम्बस्य अभावेऽपि एतत् प्रदर्शनं तस्य मुखं प्रति गौरवस्य, सन्तुष्टेः च भावम् आनयत्। प्रसारणे उपस्थितः पूर्वभारतीयः बल्लेबाजः रोबिन् उथप्पा अपि हार्दिकस्य प्रदर्शनस्य प्रशंसाम् अकरोत्। सः अवदत् यत् हार्दिकः भारतं महतीं लज्जायाः उद्धारं कृतवान्। उथप्पा इत्यस्य वचने एषा पारी शीर्षदराजः आसीत्। सः हार्दिकस्य तकनीकस्य, शॉट् चयनस्य, शक्तिप्रहारस्य अवगमनस्य च प्रशंसाम् अकरोत्। उथप्पा इत्यनेन अपि सूचितं यत् भारतं अस्मात् स्कोरात् १८-२० रनस्य न्यूनं जातम्, परन्तु दलस्य कष्टानि दृष्ट्वा हार्दिकस्य प्रयासः आशीर्वादः आसीत्।

## राशिफल

**मेष** : प्रेम जीवन में स्थिरता बनी रहेगी और संतान पक्ष से संतोष मिलेगा। व्यापार में लगातार नई उपलब्धियां सामने आएंगी।

**वृषभ** : आर्थिक स्थिति मजबूती की ओर जाएगी और आय में वृद्धि के संकेत हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन** : व्यापार में फायदे के अवसर मिलेंगे, साथ ही कुछ अच्छे और समय पर लिए गए निर्णय आगे बड़ी सफलता दिला सकते हैं।

**कर्क** : थोड़ी सावधानी जरूरी है। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन मानसिक थकान महसूस हो सकती है।

**सिंह** : समय आपके लिए काफी अनुकूल बन चुका है, जो आपको आगे बढ़ने और नए अवसरों को पकड़ने का मौका देगा।

**कन्या** : सेहत, प्रेम और व्यापार की स्थिति काफी मजबूत रहेगी, हालांकि हल्का-सा स्वास्थ्य ध्यान मांग सकता है।

**तुला** : उच्च पदों पर बैठे लोगों से सहयोग और आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपके अधूरे कार्य पूरे होने लगेंगे।

**वृश्चिक** : प्रेम जीवन भी सकारात्मक रहेगा और पार्टनर आपका समर्थन करेंगे। आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं।

**धनु** : प्रेम-संतान का सहयोग आपके मन को शांत और संतुष्ट रखेगा। व्यापार की गति अच्छी और स्थिर रहेगी।

**मकर** : व्यापार में सकारात्मकता बनी रहेगी और कार्य सामान्य रूप से आगे बढ़ते रहेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुंभ** : व्यापार में लाभ और स्थिरता दोनों मिलेंगे। सेहत शानदार रहेगी और आप खूब एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**मीन** : सेहत में सुधार होगा और प्रेम-संतान का सहयोग भी अच्छा मिलेगा। व्यापार में प्रगति दिखेगी।

卐 卐 卐 ज्योतिष/वास्तु 卐 卐 卐

# 16 दिसंबर से इन राशि वालों का बढ़ेगा मान-सम्मान, हर क्षेत्र में मिलेंगे मनचाहे रिजल्ट

सूर्य धनु राशि में गोचर करने वाले हैं। उनके यहां आने पर कुछ राशि वालों को नौकरी-कारोबार, रिश्तों व समाज में मान-सम्मान मिल सकता है।

ग्रहों के राजा सूर्य साल समाप्ति से पहले गोचर करेंगे। वह 16 दिसंबर को सुबह 4 बजकर 27 मिनट पर धनु राशि में एंट्री करने वाले हैं। सूर्य के धनु राशि में आने पर खरमास का प्रारंभ होगा, जो 14 जनवरी 2026 तक बना रहेगा। ज्योतिष में सूर्य को मान-सम्मान और आत्मविश्वास का कारक माना जाता है। वह एक राशि में लगभग 30 दिनों तक रहते हैं और उसके बाद अगली राशि में प्रवेश करते हैं। इससे जातकों पर उनका शुभ-अशुभ प्रभाव 1 महीने तक रहता है। यही कारण है कि,



सूर्य के धनु में आने पर कुछ राशियों को अच्छे रिजल्ट की प्राप्ति होगी, जिसका शुभ प्रभाव 30 दिनों तक रहने वाला है। यही नहीं इन जातकों को घर, नौकरी, सरकारी क्षेत्र और निर्णय लेने में कामयाबी मिलेगी। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**मेष राशि-** सूर्य के राशि परिवर्तन से मेष राशि वालों को धन लाभ होगा। यदि आप व्यवसाय में मंदी का सामना कर रहे थे, तो अब आपको मनचाहा लाभ होगा। यही नहीं कारोबार में ठीक-ठाक प्रगति होती नजर आएगी, जिसे आगे बढ़ाने में आपको दिक्कतें आ रही थी। घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। खास बात यह है कि, इस समय मनचाहे व्यक्ति की एंट्री जीवन में हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग पूरे मनोयोग के साथ पढ़ाई करेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी और लोग आपसे काम को लेकर सलाह भी करेंगे। जीवन में किसी की दस्तक हो सकती है, जिससे खुशियों का माहौल बना रहेगा।

**सिंह राशि-** सूर्य सिंह राशि के स्वामी ग्रह है। इसलिए उनके इस गोचर से सिंह राशि वालों को उनके द्वारा किए गए कठिन परिश्रमों का मनाचाह फल मिलेगा। इस समय व्यापार से भी बेहतर आउटपुट मिलेगा। यदि कोर्ट-कचहरी में कोई मामला चल रहा है, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आएगा। जीवनसाथी के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त आपको होंगे। सरकारी नौकरी की प्राप्ति होने के योग बनेंगे। साथ ही समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। अधिकारियों और सहकर्मियों के साथ अपना व्यवहार अच्छा बनाए रखने की कोशिश रंग लाएगी।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए समय खास रहेगा। आपको पदोन्नति मिलने से विदेश जाने के भी योग बनेंगे। यह समय आपके लिए करियर-कारोबार से लेकर घर-परिवार की दृष्टि से भी अनुकूल कहा जाएगा। धनु राशि वालों को संतान पक्ष की विशेष उपलब्धि से समाज में मान-सम्मान प्राप्त होगा। किसी करीबी व्यक्ति की उपलब्धि से मन हर्षित रहेगा। घर-परिवार और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। इसके अलावा विवाह की बात बन सकती हैं। आप करियर को लेकर भी बेहतर निर्णय लेंगे। सामाजिक रूप से भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शुक्रवार 12 दिसम्बर, 2025



## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाली महिला और नाबालिग की मौत

**उज्जैन।** कोयला फाटक झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली कोमल पति मुकेश 32 साल और राघवी क्षेत्र के ग्राम आक्या में रहने वाली सोनकुंवर पिता गोकुल 17 साल ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों को परिजनों ने चरक अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती किया था। जहां उपचार के दौरान दोनों की गुरूवार तड़के मौत हो गई। सोनकुंवर का पोस्टमार्टम अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा कराया गया। नाबालिग सोनकुंवर ने कक्षा 9 वीं की छात्रा थी, उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। वहीं कोमल पति मुकेश का पोस्टमार्टम चिमनगंज थाना पुलिस ने कराया। कोमल ने पति से विवाद होने के बाद जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू करेगी।

### पैदल लौट रहे कृषक को अज्ञात वाहन ने कुचला

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम चूनाखेड़ी में रहने वाला कृषक शंकर पिता दुला नरवरिया 65 साल बुधवार को 4 किलोमीटर दूर ग्राम लालाखेड़ी खाद लेने गया था, जहां खाद नहीं मिलने पर पैदल वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पुत्र संतोष मौके पर पहुंचा और घायल पिता को घर लाया, हालत गंभीर होने पर उन्हे उज्जैन अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। अस्पताल चौकी पुलिस मर्ग डायरी जांच के लिये माकडोन थाना पुलिस को भेजेगी।

### ट्रेक्टर चालक के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल रोड़ पर नवम्बर माह में हुई कार क्रमांक एमपी 41 बीसी 0530 में सवार 4 लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे। जिसमें गीताबाई पति जस्सू उर्फ जस्सा बंजारा 55 साल निवासी ग्राम खोकरी उन्हेल की मौत हो गई थी। डूंगरसिंह पिता भग्गा कछावा 34 साल और प्रकाश पिता घासी गौड़ और भग्गा पिता नाथा बंजारा घायल हुए थे। पुलिस ने मामले में दुर्घटना के साथ मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जिसमें सामने आया कि कार को तेजगति से दौड़ते ट्रेक्टर ने रांग साइड आकर टक्कर मारी थी। एएसआई जितेन्द्र गौसर ने बताया कि जांच के बाद बुधवार रात ट्रेक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। ट्रेक्टर की पहचान हो चुकी है, चालक को जल्द गिरफ्तार कर मामला कोर्ट में प्रस्तुत किया जायेगा।

### तिरूपति-हिसार साप्ताहिक ट्रेन से पर्स चोरी

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी होने के मामले थम नहीं रहे है। अब तिरूपति-हिसार साप्ताहिक ट्रेन से पर्स चोरी होना सामने आया है। जिसमें सोने का ब्रेसलेट, घडी और अन्य सामान रखा हुआ था। नानाखेड़ा उज्जैन में रहने वाले कैलाश अग्रवाल ने मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई है। कैलाश अग्रवाल परिवार के साथ तिरूपति बालाजी दर्शन करने गये थे, जहां से वापस लौटते समय परिवार की महिला का पर्स चोरी हुआ है। अग्रवाल परिवार ने आशंका जताई है कि पर्स चोरी की वारदात शुजालपुर से ताजपुर के बीच हुई। जब परिवार के सदस्य सोये हुए थे। उज्जैन आने वाली और जाने वाली ट्रेनों में आये दिन यात्रियों का सामान चोरी के मामले सामने आ रहे है। लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल पा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 270-9 | 137-1 |
| मेन बाजार | 269-7 | - |
| मिलन डे | 168-5 | 270-9 |
| मिलन नाइट | 256-3 | 399-1 |

7 8 9

### 8 माह से थी तलाश, 10 हजार का था इनाम

# गिरवी कारों का सौदा कर 9.30 लाख ठगने वाला गिरफ्त में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गिरवी कारों का फर्जी एनओसी के माध्यम से सौदाकर 9.30 लाख की ठगी करने वाले फरार इनामी आरोपी को 8 माह बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने 2 युवकों से ठगी के रुपए नगद और ऑनलाइन प्राप्त किये थे और झांसा देकर कारें भी वापस ले गया था।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि 17 अप्रैल को बेगमबाग कालोनी में रहने वाले रिजवान पिता इलियास खान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके और साथी शाकीब खान के साथ भोपाल के इब्राहिमगंज में रहने वाले शाहरूख पिता शाहिद खान ने 9.30 लाख की ठगी कर धोखाधड़ी की है। आरोपी शाहरूख ने होड़ा सिटी कार क्रमांक एमएच 43 एआर 1511 और बलेनो कार क्रमांक टीएस 08 जे एम 6510 कारों को सौदा फर्जी अनुबंध के आधार पर किया था और एनओसी की फोटो कॉपी देकर मूल एनओसी बाद में देने की बात कहीं थी, बाद में पता चला था कि उक्त कारें गिरवी रखी हुई है और फायनेंस शेष है। मामले में धोखाधड़ी की धारा 420 का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। बुधवार रात ख्बार मिली कि धोखाधड़ी का फरार इनामी आरोपी शाहरूख खान उज्जैन विराटनगर आया हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये तत्काल एसआई नेहा जादौन, प्रधान आरक्षक मनीष यादव और सुनील पाटीदार को रवाना किया गया। कुछ देर की तलाश के बाद शाहरूख को हिरासत में ले लिया गया। जिसे थाने लाकर विधिवत गिरफ्तारी की गई। गुरूवार को कोर्ट पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



#### एनओसी चैक करने पर सामने आया फायनेंस

थाना प्रभारी बादल ने बताया कि धोखाधड़ी के आरोपी ने रिजवान से होड़ा सिटी कार का सौदा 3.50 लाख में 5 अक्टूबर 2023 को किया गया था। वहीं शाकीब खान से बलेनो का सौदा 4.25 लाख में 24 अगस्त 2023 को किया था। शाकीब से आरोपी ने नाम ट्रांसफर के लिये 1 लाख अलग लिये थे। उन्हे मूल एनओसी 8 दिन में देने की बात कहीं थी और सौदे के समय एनओसी की प्रतिलिपी दी गई थी। 8 दिन बाद एनओसी नहीं मिलने पर प्रतिलिपी से रिजवान ने स्थिति चैक की तो पता चला कि होड़ा सिटी कार पर 6 लाख का फायनेंस है। वहीं शाकीब द्वारा ली गई बलेनो कार भोपाल स्थित भारत टाकिज के पीछे रहने वाले पूर्व पार्षद रफीक को गिरवी रख उससे भी रुपए प्राप्त किये गये है।

#### रुपए देने का झांसा देकर वापस ली कार

रिजवान ने शिकायत के दौरान बताया था कि आरोपी शाहरूख कार डिलिंग का काम करता है। वह उज्जैन चितेरा बाखल में रहने वाले साथी अमजद पिता आजम खान के साथ कार का सौदा करने बेगमबाग आया था। जब एनओसी चैक करने पर कार गिरवी रखी होने और फायनेंस शेष होने का पता चला तो उससे संपर्क किया। वह कार लेने उज्जैन आया और सौदे के रुपए वापस लौटाने की बात कहीं, लेकिन महिनों गुजर जाने के बाद भी उसने रुपए नहीं लौटाये, ना ही कार वापस की।

# 2019 से इंदौर में छुपा था पर्स स्नेचिंग का आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाना खाने के बाद रात्रि में टहलने निकली महिला के हाथ से पर्स झपटकर भागा बदमाश 6 सालों से इंदौर में छुपा था, गुरूवार को खबर मिलते ही पुलिस ने दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। बदमाश फुटपाथ पर जीवन यापन कर रहा था।

नानाखेड़ा एएसआई देवकरण परमार ने बताया कि 23 जुलाई 2019 को महाकाल वाणिज्य केन्द्र में रहने वाली शोभा शर्मा खाना खाने के बाद देर शाम टहलने निकली थी। नानाखेड़ा चार्जेड बस स्टेंड के पास बाइक सवार 2 बदमाशों ने उनके हाथ से छोटा पर्स झपट लिया था। जिसमें एक मोबाइल रखा था। मामले में पर्स स्नेचिंग का प्रकरण दर्ज कर 4 माह बाद सीसीटीवी कैमरों की मदद से महेश पिता जगदीश चौहान निवासी देलवास रतलाम को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके पास से मोबाइल बरामद कर दूसरे साथी के संबंध में पूछताछ की गई थी। महेश चौहान ने स्नेचिंग में अपने साथी राहुल पिता मंशाराम मानकर निवासी नरवर हाल मुकाम देवासगेट का नाम कबूल किया था। राहुल की तलाश करने पर वह फरार होना सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 6 साल बाद खबर मिली कि आरोपी इंदौर में छिपा हुआ है और फुटपाथ पर जीवन यापन कर रहा है। जिसकी गिफ्तारी के लिये प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक मुकेश मालवीय, आरक्षक श्यामबरण, अनिल हाड़ा, और सायबर सेल प्रधान आरक्षक प्रेम सभरवाल के साथ इंदौर पहुंचकर तलाश की। जिसे गुरूवार को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पर्स में रखा मोबाइल निकालने के बाद पर्स नदी में फेंक दिया था। आरोपी की 6 साल बाद गिरफ्तारी होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। उसके खिलाफ देवासगेट और कोतवाली में भी लूट, चोरी के प्रकरण दर्ज होना सामने आया है।

### कानवन धार से गिरफ्त में आया आरोपी

# पशु हाट में बेचने पहुंचा था चोरी की मुर्रा भैंस



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की गई मुर्रा भैंस 10 दिन बाद आरोपी पशु हाट में बेचने पहुंचा था, खबर मिलते ही पुलिस ने कानवन धार पहुंचकर दबिश दी और आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके पास से भैंस भी बरामद की गई है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 29-30 नवम्बर की रात ग्राम दोतरडी में रहने वाले रोहित पिता बनेसिंह दायमा की मुर्रा भैंस कीमत 95 हजार अज्ञात बदमाश भैंस बांधने के कोठे का ताला तोड़ चुराकर ले गया था। रोहित दायमा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। ग्राम दोतरडी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। वहीं मुखबीर तंत्र को सक्रिय कर बदमाश का पता लगाने के लिये एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, एएसआई नारायणसिंह वास्कले, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य, नितेश, कैलाश गरवाल, तोलाराम डोडियार की टीम गठित की गई थी। 10 दिन बाद खबर मिली कि भैंस दीपक पिता गोपाल भील 19 साल निवासी सनातला खाचरौद हाल मुकाम ग्राम दोतरडी बड़नगर द्वारा चोरी की गई है और वह धार स्थित कानवन पशु हाट में बेचने पहुंचा है। सूचना पर टीम को कानवन रवाना किया गया। जहां चोरी की मुर्रा भैंस बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी दीपक भील को पकड़ा गया और भैंस बरामद की गई। आरोपी को बड़नगर लाने के बाद पूछताछ में सामने आया कि वह भैंस पशु हाट में बेचकर अवैध रूप से पैसे कमाना चहाता था। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी का पूर्व में कोई अपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आया है। उसे गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

# बहन को लेने आये जीजा को साले ने मारे चाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मायके आई युवती को बुधवार-गुरूवार रात पति लेने पहुंचा था, उसी दौरान युवती के मामा का पुत्र वहां पहुंचा और जीजा पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल जीजा का ससुराल वाले अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने हमला करने वाले साले पर प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया है।

छोटी मायापुरी में रहने वाली शिवानी ने कुछ माह पहले धर्मेन्द्र गेहलोत से प्रेम विवाह कर लिया था और पंवासा क्षेत्र में रहने लगी थी। परिवार भी शिवानी के प्रेम विवाह से सहमत हो गया था। बुधवार को शिवानी मायके आ गई थी। जिसे लेने के लिये रात में पति धर्मेन्द्र छोटी मायापुरी आने ससुराल पहुंचा था, उसी दौरान समीप रहने वाला शिवानी के मामा का पुत्र रोहित गोस्वामी (भारती) भी आ गया और जीजा से विवाद करने लगा, उसने जीजा की बाइक तोड़ दी और चाकू निकाल लिया। जीजा धर्मेन्द्र ने खुद का बचाने के लिये दौड़ लगाई और घर की छत पर चढ़ गया, लेकिन रिश्ते में लगने वाला साला पीछे दौड़ा और चाकू घोंप दिये। पेट और जांच पर गहरे घाव लगने पर धर्मेन्द्र लहूलुहान हो गया। रोहित हमला करने के बाद भाग निकला। धर्मेन्द्र को पत्नी शिवानी और परिवार के लोग चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होना बताई। परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गये। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस घायल के बयान दर्ज करने पहुंची और हमला करने वाले साले रोहित के खिलाफ प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। गुरूवार रात तक हमलावर रोहित हिरासत में नहीं आ पाया था। उसकी तलाश में एक टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देर रही है।



#### बहन से करता था एकतरफा प्रेम

बताया जा रहा है कि शिवानी के प्रेम विवाह से मामा का पुत्र रोहित नाराज था। वह अपनी ही बुआ की बेटी शिवानी से एकतरफा प्रेम करता था। उसने शिवानी से यह बात कही थी, लेकिन उसने रिश्ते में बहन बताकर मना कर दिया था। उसके बाद से रोहित गुस्से में था, उसने शिवानी के पति को देखा तो जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि हमले की वजह कुछ इसी तरह की सामने आ रही है। हमलावर के गिरफ्त में आने पर पूछताछ की जायेगी और घायल की पत्नी के बयान दर्ज किये जायेगें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com